हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा |

## चोरी का आरोपी पकड़ाया चार साइकिल बरामद



**राजनांदगांव।** साइकिल चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे चोरी की 4 साइकिल बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 सितंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका अल्फा कंपनी की बाम्बे मॉडल गेयर वाली साइकिल कीमती 10,000 रुपए को इसका छोटा भाई चलाता है, जिसे रोजाना की तरह अपने घर के सामने खड़ी किया था, लॉक नहीं किया था कि 24 सितंबर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम किया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को चेक कराया गया। फुटेज में मिले क्लू के आधार पर संदेही को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर अपना नाम व पता चुरेन्द्र टेमरे उर्फ सोनू 25 वर्ष साकिन ग्राम शिकारीमहका हाल रिसाली सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग बताया। पूछताछ पर प्रार्थी के साइकिल सहित अन्य स्थानों से 3 साइकिलों को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे 4 नग साइकिल जुमला कीमती 25,000 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने 27 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।




गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444







दुर्गा उत्सव समिति रामाटोला


मां दुर्गा उत्सव समिति भानपुरी


नव ज्योत दुर्गा उत्सव समिति धनडोंगरी


जागृति सेवा समिति भानपुरी (मुसरा)


सरस्वती उत्सव समिति ग्राम मुंदगांव


दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक पटेवा


जय मां काली उत्सव समिति पटेवा


जय मां सरस्वती उत्सव समिति पटेवा


जय मां शीतला समिति पटेवा


आदर्श दुर्गा उत्सव समिति रामपुर

### दर्शनार्थी, व्यापारी और बच्चे हुए परेशान

# खुली सिस्टम की पोल, मंदिर के बाजू और स्कूल में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

शुक्रवार की रात और शनिवार को सुबह हुई बारिश ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दिया है। जहां तहां पानी जाम हो गया है वहीं नालियों की गंदगी निकलकर सड़क पर आ गई है। ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम जंगलपुर की प्राथमिक शाला के सामने लबालब पानी भरने से से बच्चों और शिक्षकों को परेशान होना पड़ा।

जानकारी के अनुसार काफी दिनों तक उमस भरी गर्मी के बाद शुक्रवार की शाम को बारिश शुरू हुई जो रूक रूक तक पूरी रात और शनिवार को सुबह तक जारी रही। बारिश और मोगरा बैराज, सूखा नाला बैराज से पानी छोड़ने के कारण आसपास की नदिया भी उफान पर आ गई। निरंतर पानी से शहर के विभिन्न स्थानों पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी जाम के हालात बन गए और देवी दर्शन करने आने वाले लोगों सहित अन्य को हलाकान होना पड़ा।




#### चंडी मंदिर बाजू में पानी जाम

नगर के बाजार एरिया में स्थित प्रसिद्ध चंडी मंदिर के बाजू में निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण पानी जाम हो गया। आसपास के व्यापारियों ने बताया कि यह हालात काफी समय से बना हुआ है। नगर प्रशासन को पूर्व में कई बार अवगत भी कराया गया किन्तु पानी निकासी का प्रबंध नहीं किया जा सका है। जानकारी के अनुसार श्रीराम द्वार से चंडी मंदिर तक जाम के हालात बनते है जिसकी वजह यह है कि मंदिर के सामने तक सड़क बना दिया गया है जिससे पानी आगे नहीं बढ़ पाता है। वहीं एजाज मंजिल से दुर्गा मिल तक नाली बनाया गया जिससे भी पानी की निकासी नहीं हो रही है।



#### जंगलपुर स्कूल के सामने भरा लबालब पानी

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम जंगलपुर के स्कूली बच्चों को बारिश के कारण परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार 1995 में बने स्कूल भवन के सामने कुछ साल पहले सड़क बनाया गया था। सड़क बनने के बाद पानी की निकासी बाधित हो गई है वजह यह है कि सड़क ऊपर और शाला भवन नीचे हो गया है जिससे स्कूल परिसर में भरने वाली पानी बाहर निकल नहीं पा रहा है। पूर्व सरपंच जानीवाकर साहू ने बताया कि शाला भवन जर्जर हो गया है जिसे डिस्मेंटल किया जाना जरूरी हो गया है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में कई बार अवगत कराने के बाद भी नए भवन निर्माण की पहल नहीं की जा रही है। बीती रात बारिश होने के बाद स्कूल परिसर में काफी पानी जाम हो गया था। बच्चे और शिक्षक पानी को लांघते हुए स्कूल पहुंचे। उन्होंने बच्चों की परेशानी को देखते हुए नए भवन निर्माण की मांग की है।

## भवन बना, अब झोपड़ी में नहीं पढ़ेंगे मगियाटोला के बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

■ हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मामला

झोपड़ी में स्कूल लगने की खबर सामने आने के बाद सुर्खियों में ग्राम मगियाटोला में नया स्कूल भवन बन गया है। नए भवन में बच्चों की कक्षाएं भी लगने लगी है।

उल्लेखनीय है कि शाला भवन के जर्जर होने के बाद ग्रामीणों ने झोपड़ी बनाकर बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की थी। गांव के बच्चे झोपडी में पढ़ाई करते थे। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों के कान खड़े हुए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवासकुमार बघेल ने गांव पहुंचकर जर्जर स्कूल अवलोकन किया। झोपड़ी में बच्चों को पढ़ते देखकर उन्होंने कलेक्टर को वस्तुस्थिति अवगत कराया। प्रशासन ने स्कूल भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किया। गांव में एक साल की अविध में शाला भवन बनकर तैयार हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण होने के बाद गत दिनों लोकार्पण किया। अब नए भवन में पढ़ाई करने लगे हैं।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में आज एक विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों के अकादमिक और नैतिक विकास में स्कूल और अभिभावकों के सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाना था। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और शिक्षकों से अपने बच्चों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने सुझाव भी दिए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि विद्यालय और घर के बीच की मजबूत कड़ी ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। यह बैठक सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी का मंच है।

## गांव में प्रतिमा स्थापित, देवी मंदिरों में जगमगा रहे आस्था के ज्योति कलश

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम मची है। अनेक स्थानों पर माता रानी की मूर्ति स्थापित किया गया है। देवालयों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा रहा है।



पटेवा के बाजार चौक, भाठापारा में दुर्गा, कर्मा मंदिर एवं धनकर चौक में सरस्वती, अमली पारा में अम्बे, लीला चौरा चौक में काली और शीतला मंदिर मे मां अम्बे की मूर्ति स्थापित किया गया है। शीतला मंदिर में 137, दुर्गा मंदिर में 22, शंकर मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। बहादुर वर्मा, पुखराज साहू, राकेश साहू के यहां जोत जवांरा रखा गया है। अनेक स्थानों पर रात्रि में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बाज़ार चौक में 27 सितंबर को रंग बसंत सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। भाटापारा में मन के गीत नंदनी नगर का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार लीला चौरा चौक में लोक धरोहर अहिवारा का कार्यक्रम रखा गया। शीतला दुर्गा उत्सव समिति ने चुनरी यात्रा का आयोजन पंचमी को किया।

## पुराने ही दाम पर बिक रहे सामान

### जीएसटी कटौती का आम लोगों को लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 सितंबर से जीएसटी दर में कटौती करते हुए दो स्लेब बनाया है। जीएसटी कटौती के बाद दाम कम होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी किन्तु बहुसंख्यक सामान अब तक पुराने दामों पर बेचा जा रहा है जिसके चलते जनता को नुक़सान उठाना पड़ रहा है साथ ही केन्द्र सरकार का फैसला अमल होता नहीं दिख रहा है। उपभोक्ता लीला सूर्यवंशी ने बताया कि जिस रेट पर पहले सामान मिल रहा था वर्तमान में भी वही रेट में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती का फैसला सिर्फ कागजों पर ही सिमट गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने की काफी खुशी हुई थी किन्तु वर्तमान पुरानी दरों पर सामान मिलने से साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले की अवेहलना की जा रही है। उपभोक्ता मनीष ने बताया कि जीएसटी कम होने का मतलब है कि सामानों के रेटों पर कटौती, लेकिन वर्तमान में पुराने दामों पर सामान मिल रहा है जबकि 22 सितंबर से रेट कम होना था पर नहीं हुआ है।

#### फोन लगता नहीं

जीएसटी कम होने के बाद पुराने दामों पर सामान बेचने वालों की शिकायत करने के लिए फोन नंबर जारी किया गया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि दिया गया नंबर नहीं लगता। कुल मिलाकर जनता के साथ मजाक किया जा रहा है। जीएसटी कम होने की खुशी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों पर वही पुरानी दरों पर सामान बेचने से आमजनता में नाराजगी देखने मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में मुख्यमंत्री समग्र योजना अंतर्गत स्वीकृत सामुदायिक भवन का भूमिपूजन जिपं सभापति किरण विनोद बारले ने किया। अध्यक्षता सरपंच ललित साहू ने की। सामुदायिक भवन के बनने से ग्रामीणों को विभिन्न गतिविधि संचालित करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर विनोद बारले,श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, डोमलाल साहू, हेमराय वर्मा, जीवराखन साहू, राजकुमार लहरे, बंशीलाल साहू, कमलेश साहू, जयराम साहू, गोवर्धन साहू, कैलाश रात्रे, धर्मेन्द्र साहू, लक्षण साहू, लक्ष्मी साहू, शशि विश्वकर्मा, मथुरा साहू, तेजकुमारी, केमा बंजारे, द्रौपदी साहू, दीपेश्वरी रात्रे आदि मौजूद थे।



### जन्मदिन पर न्योता भोज

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में कक्षा चौथी की छात्रा हेमा मंडावी के जन्मदिन पर उसकी नानी गणेशियाबाई मंडावी ने न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को खीर, पुड़ी एवं भजिया खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक धनुषराम, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बिन्दाबाई मंडावी, पवन पडोती उपस्थित थे।



### शिविर में 155 ने किया रक्तदान

**मुसरा।** मुरमुंदा मंडल अंतर्गत राम मंदिर सभागृह मुसरा में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जाँच कराया और 155 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, लता अजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा, बोधीराम साहू, जयपाल सिन्हा, तामेश्वर साहू, रामचरण वर्मा, रामअवतार वर्मा, पुकेश्वर वर्मा, कमल निर्मलकर, रामेश्वरी वर्मा, सीमा साहू, बजरंग साहू, राकेश महिलांगे, राकेश महिलांगे, पप्पू देवांगन, महावीर साहू, दुर्गेश सिन्हा, विक्रम वर्मा, घंसु वर्मा, लोमस वर्मा, जयप्रकाश साहू, भुवन साहू सहित अन्य शामिल हुए। रक्तदाताओं को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापति किया।



## रासेयो ने मनाया स्थापना दिवस




**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की रासेयो का 56 वां स्थापना दिवस प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन में मनाया गया।

रासेयो प्रभारी प्रो. प्रियांकी गजभिए तथा डॉ आशाराम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों ने नियमों, कर्तव्यों एवं होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौक पर स्वयं सेवकों को प्राचार्य डॉ धमगाये ने बी और सी प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर प्राध्यापक प्रो गणेश नेताम, रेणुका ठाकुर, चंचल स्टेला कुजूर, मन्नूलाल नायक, अर्चना देवांगन, रोशन पटेल के अलावा स्वयं सेवक भागीरथी निषाद, अतुल चंद्रवंशी, दिवेंद्र कुमार, सत्यम वैष्णव, पलक शांडिल्य, डोमेश्वरी साहू मौजूद थे।

## भोलापुर में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

■ सुविधा मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर भोलापुर में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 की स्वीकृति मिली है। नए केन्द्र का शुभारंभ गत दिनों जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, भानबाई मंडावी मौजूद थी। इस दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि महिला उत्थान के लिए केन्द्र और राज्य सरकार कई योजना चला रही है। सरकार महिलाओं को सशक्त, बच्चों को स्वास्थ्य और शिक्षित बनाना चाहती है। आँगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क पोषण आहार, स्वास्थ्य परीक्षण और शिक्षा की सुविधा मिल रही है। इस दौरान सरपंच चमेली ठाकुर, सोहन साहू, नकुल नेताम, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलावती मरकाम, सुपरवाइजर साहू, रूखम पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।



### निकली स्वच्छता रैली

**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत 25 सितंबर को स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में स्वच्छता रैली निकाली गई। ग्राम भ्रमण के दौरान स्वच्छता को अपनाने हेतु पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य खेमलतादास एवं स्टाफ मौजूद था। स्कूल में समय-समय पर छात्र छात्राओं को ठगी से बचने के लिए जागरूक किया जाता है।




### संकल्प सेवा की दिलाई गई शपथ

# कृषि ही सबसे बड़ी राष्ट्र सेवा : सचिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

कुमर्दा, खुर्सीटिकुल में सेवा स्वच्छता पखवाड़ा, शपथ ग्रहण ओर किसान सम्मान समारोह का आयोजन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के आतिथ्य में किया गया।इस मौके पर श्री बघेल ने कृषि कार्य को राष्ट्र की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि दुनिया में किसानों से बड़ा सेवाभावी नहीं होता है। किसान दिन रात कड़ी मेहनत कर अपनों के साथ दूसरों की भूख मिटाने के लिए अन्न का उत्पादन करता है। कार्यक्रम में श्री बघेल ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा और खुर्सीटिकुल में किसानों को सम्मानित कर नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्र के विकास में किसानों की सबसे बड़ी भूमिका है। कृषकों को सम्मानित कर हम सभी गौरांवित हो रहे है। उन्होंने उपस्थिति किसानों एवं पदाधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा का महत्व को बताते हुए सभी से संकल्पित होकर जीवन में अपनाने का आग्रह किया।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा में रामाधार चंद्रवंशी और सेवा सहकारी समिति खुर्शीटिकुल में गोविंद साहू को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

#### कृषकों को किया सम्मानित

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुमर्दा और खुर्सीटिकुल में आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ एवं प्रगतिशील किसानों को उनके योगदान को देखते हुए श्री बघेल ने शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्षता जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हीरेंद्र कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति गोपाल भुआर्य, कैलाश शर्मा, हृदयराम देवांगन, लक्ष्मीबाई मंडावी, बोधन साहू, शाखा प्रबंधक प्रशांत बाजपेई , समिति प्रबंधक मानक साहू, संतोष साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू, गोपाल साहू, दीनदयाल साहू, नूनकरण भुआर्य, पतिराम साहू, कोमलसिंह, कांतिलाल साहू, छबिलदास साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पानाबरस में मनाया गया देव दशहरा पर्व

**मोहला।** पानाबरस राजा लक्ष्मेन्द्रशाह, राज समिति के अध्यक्ष प्रेमसिंह घावडे, उपाध्यक्ष महेश स्वयाम, द्रोण मंडावी, सचिव राजिम सिंह मरकाम, कोषाध्यक्ष पदुम सिंह नेताम, राज बैगा बीर शाय मंडावी, राज पठारी देवदास बोगा, राज मांझी देबुसिंह मंडावी, राज समिति के निर्णयाक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र शाह, व अन्य ग्रामो से आये ग्रामीणों की उपस्थिति में चली आ रही परम्परा व संस्कृति के अनुसार देवी का अनुष्ठान कर आर्शीवाद परम्परा को राज समिति ने पानाबरस में मनाया। राज दशहरा, इस दशहरा को देवी देवताओं का दशहरा कहा जाता है। देव राज पठारी देवदास ने बताया कि, शारदीय नवरात्र पर्व पर ही दशहरा के पहले इसे मनाने की परम्परा है, तुरपालदेव(चलनदार) चौदह गढ़ जमींदार व राज में स्थित देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य रूप से सेहरा वृक्ष की पूजा की गई। जिसमें सभी शामिल हुए। इस अवसर पर कुम्हड़ा, लौकी, नारंगी का भोग लगाया गया। मिली जानकारी के अनुसार राज समिति पानाबरस के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, समिति ने शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। राजा शाह ने समाज के प्रमुख जनों का सम्मान किया इस अवसर पर, पैन्दुर, उरवाही, मरारपारा पांडरवानी, पानाबरस, मोहभट्ठा, मिचगांव, कोरलदंड, उलझे, पीपरखार, भावसा,उमर पाल, घोटिया, कनेरी, हर्राटोला, पेन्दाकोड़ो, दुल्लकी, मरकाटोला, इरागांव, कोन्डे, विजयपुर, चवेला, मासूम, तोलूम, मोहला, अडजाल, बोदरा, भोजटोला के समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



नवरात्रि पर्व पर सजे हमारे साथ खरीदें सूरत की साड़ी सूरत के दाम पर
एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिये खरीदे कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में
फैमिली शॉप
थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी • सूट • ब्लेजर • साड़ियां • रेडीमेड • लायचा • होजयारी • हैंडलूम • सूटिंग • फर्निशिंग • शर्टिंग • किड्स वियर


## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रहृमा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है, जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंद्रहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# गूंज रहा जयकारा, मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए लगा पदयात्रियों का रेला

## रोजाना हजारों की संख्या में पहुंच रहे पदयात्री, रास्तेभर सेवा पंडाल की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने पदयात्रियों का रेला नजर आ रहा है। इस वर्ष एकम से ही पदयात्रियों की भीड़ आनी शुरू हो गई थी। शुरुआत से ही नवरात्र के पदयात्री मार्ग में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। प्रतिदिन हजारों पदयात्री माता के दरबार पहुंच रहे हैं।

प्रतिवर्ष पदयात्रा कर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। इस वर्ष भी पदयात्रियों का हुजूम शहर की सड़कों में नजर आ रहा है। 24 घंटे पदयात्रियों का जत्था चल रहा है। शहर की सड़कें माता के जयकारे से गूंज रही है। हाथों में ध्वजा पताका और पांव में छाले होने के बाद भी उनके कदम नहीं रूक रहे हैं। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालु धमतरी, बालोद, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, भाटापारा, सिमगा, बलौदाबाजार सहित कई जिलों से पहुंच रहे हैं।

### संकल्प पूरा पर पदयात्रा जारी

मां बम्लेश्वरी के दरबार में जाने वाले इन पदयात्रियों में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी मनोकामना के लिए 3 साल पदयात्रा करने का संकल्प लिया था, लेकिन मां बम्लेश्वरी से आस्था ऐसी जुड़ी की संकल्प पूरा होने के बाद भी पदयात्रा का दौर अब भी जारी है। बीते 13 वर्षों से पदयात्रा कर डोंगरगढ़ जा रहे भिलाई के पवन कुमार पांडे का कहना है कि उनकी मनोकामना पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद भी वह पैदल जाते हैं।



### पंडालों में व्यवस्था अच्छी, सड़क खराब

जिले के अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक पदयात्रियों की सेवा के लिए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, ग्राम पंचायत, नगर निगम, उद्योग समूहों द्वारा पंडाल लगाया गया है। इन पंडालों में चाय, नाश्ता और दवाइयों की व्यवस्था की गई है। यहां पहुंचने वाले पदयात्रियों का कहना है कि पंडालों में अच्छी व्यवस्था है, लेकिन सड़क थोड़ी खराब है।

### रायपुर-भिलाई से अधिक पदयात्री

मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों में सर्वाधिक संख्या दुर्ग, रायपुर और भिलाई के पदयात्रियों की होती है। इस वर्ष भी हजारों की संख्या में इस क्षेत्र से ही पदयात्री माता के दरबार पहुंच रहे हैं। भिलाई-3 की ममता यादव का कहना है कि वह बीते वर्ष पहली बार पैदल माता के दर्शन के लिए गई थी। जिससे काफी अच्छी अनुभूति हुई, इसलिए इस वर्ष भी जा रही है। रायपुर के सेजबाहर क्षेत्र से 16 लोगों के जत्थे के साथ पदयात्रा कर रहे चंदू यादव का कहना है कि अपने बड़ों को पदयात्रा करते हुए देखकर वह भी इस जत्थे में शामिल हुए हैं और लगभग 8 साल से पदयात्रा कर मां बम्लेश्वरी के दर्शन करते हैं।

## मुंदगांव के पास की घटना, मालवाहक का चालक मौके से फरार

# दर्शन कर लौट रहे दो बाइक सवार मालवाहक से टकराए, मौके पर मौत

## तेज रफ्तार वाहन के चलते लगातार हो रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ मंदिर से दर्शन कर बाइक में सवार होकर लौट रहे दो युवक मालवाहक से टकरा गए। दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस की तमाम व्यवस्था के बाद भी दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही है। नवरात्र पर्व के दौरान अब तक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो युवक अमित साहनी कृष्णा नगर एवं सचिन यादव कुरूद भिलाई निवासी बाइक में सवार होकर अपने दोस्तों के साथ नवरात्र पर्व पर डोंगरगढ़ में दर्शन करने के लिए आए हुए थे। वे मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर बाइक से 27 सितंबर को सुबह वापस लौट रहे थे। वे लगभग 10 बजे डोंगरगढ़ रोड़ मुंदगांव के पास पहुंचे ही थे कि टाटा योध्दा पिकअप मालवाहक से टकरा गए।

### बाइक क्षतिग्रस्त

दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक में सवार दोनों युवक उछलकर बाइक से नीचे आ गिरे। इस घटना में दोनों युवकों को गंभीर रूप से चोंट आई थी। जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।



### मालवाहक पलटा

बताया गया कि इस दुर्घटना में मालवाहक भी पलट गई। जिससे वाहन में रखा सामान बिखर गया। दुर्घटना के बाद आरोपी मालवाहक का चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डोंगरगढ़ पुलिस पहुंची और कार्रवाई में जुट गई।

### पर्व के दौरान अब तक पांच मौत

ज्ञात हो कि नवरात्र पर्व के दौरान अंजोरा से लेकर डोंगरगढ़ तक सड़कों में निर्धारित स्थानों पर पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। इससे पूर्व 24 सितंबर को मनकी में पदयात्री युवती की मौत हो गई थी। वहीं गत दिवस ग्राम लिटिया के पास एक मोपेड सवार बुजुर्ग की दुर्घटना में मौत हो गई। 26 सितंबर को फरहद चौक में सिंघोला निवासी एक 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मुंदगांव में फिर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। नवरात्र पर्व के दौरान अब तक सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

# शहर में लो-वोल्टेज की समस्या, बिजली बंद होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

झमाझम बारिश के बीच भी शहर के कई इलाकों में लो-वोल्टेज की शिकायतें सामने आ रही है। हालात यह है कि कई घरों में इलेक्ट्रानिक सामान भी इसके चलते खराब हो गए हैं। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग द्वारा शिकायतों के बाद भी सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है।

शहर के कई क्षेत्रों में लो-वोल्टेज के चलते एसी, कूलर, फ्रिज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चलाने में समस्या आ रही है। वहीं कई क्षेत्र में बार-बार बिजली बंद होने का सिलसिला भी जारी है। खासकर पटरीपार के वार्ड में लगातार समस्या बनी हुई है। शहर के

### शहर के बीच वोल्टेज अप-डाउन

शहर के दुर्गा चौक, बसंतपुर, लखोली सहित कई अन्य क्षेत्र में भी लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है । यहां पर शाम लगभग 7 बजे से लो-वोल्टेज बना हुआ रहता है। वहीं बार-बार वोल्टेज अप-डाउन होने की वजह से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं।

मोतीपुर, रामनगर, शांतिनगर, शंकरपुर जैसे क्षेत्र में दिन में कई बार लाइट बंद हो रही है । यहां रोज सुबह 8.30 से 9 के बीच लाइट बंद होने का सिलसिला जारी है। इन क्षेत्रों में आधे-आधे घंटे के लिए कई बार लाइट बंद होती है। बारिश के बीच भी लो वोल्टेज की दिक्कतें सामने आने से आक्रोश पनप रहा है।

### लापरवाह बना बिजली विभाग

हाल ही में गणेश पर्व संपन्न हुआ है। इस दौरान शहर में जगह-जगह सेवा पंडाल लगे होने की वजह से लो-वोल्टेज होने की बात शिकायत के दौरान कॉल ऑपरेटर द्वारा कही जा रही थी। वहीं अब नवरात्र में भी लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। अगले माह दीपावली त्यौहार भी है। ऐसे में लो-वोल्टेज की समस्या को सुधारा नहीं जा रहा है। जिससे बिजली विभाग की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।

# चोरी का आरोपी पकड़ाया चांदी के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नकबजनी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी के चांदी के जेवरात बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 सितंबर को प्रार्थिया श्रीमती सपना गोलछा 53 वर्ष साकिन विनय फेम के बाजू तेलीपारा आजाद चौक थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 सितंबर के 8 बजे से 26 सितंबर के साढे 10 बजे के मध्य इसकी गुडाखू लाइन स्थित गोलछा वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स दुकान राजनांदगांव में रखे चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण कीमती 1,50,000 रुपए सहित नगदी रकम 15,000 रुपए जुमला कीमती 1,65,000 रुपए को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम किया गया।

### एक पकड़ाया

इस मामले में पुलिस घटनास्थल एवं उसके आसपास में लगे सभी सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को चेक कराया गया। फुटेज में मिले क्लू के आधार पर एक संदेही को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर अपना नाम व पता गणेश राजपूत 36 वर्ष साकिन कृष्णा टॉकिज के पास सिनेमा लाइन बताया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपने साथी राजेन्द्र राजपूत के साथ मिलकर चांदी के जेवरात व नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से चांदी के विभिन्न जेवरात कीमती करीब 65,000 रुपए को जब्त किया गया।

### एक और की तलाश

बाकी जेवरात व नगदी रकम को राजेन्द्र राजपूत के पास होना बताया। जिसका पतासाजी किया गया, जो नहीं मिला।आरोपी गणेश राजपूत के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने से 27 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में अन्य आरोपी की शीघ्र ही पता तलाश कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पटवारी की आईडी चोरी कर फर्जी तरीके से बदले दस्तावेज, दो के खिलाफ एफआईआर

- फर्जी तरीके से जमीन को दूसरे के नाम में कर दिया था ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पटवारी की आईडी से बिना अनुमति फर्जी लॉगिन कर जमीन के दस्तावेजों से छेड़छाड़ के मामले में कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

तहसीलदार से जवाब आने के बाद उसके आधार पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई है। अब मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जनता कॉलोनी निवासी शैलेष जैन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी माता के नाम पर दर्ज जमीन को मां के देहांत के बाद फर्जी तरीके से दूसरे नाम पर ट्रांसफर कर दिया गया है। इस मामले में पटवारी देवरत्न यदु ने भी लिखित शिकायत विभागीय अधिकारियों को की थी कि किसी ने उनकी आईडी चुराकर यह बदलाव किए हैं। इन तथ्यों के आधार पर पीड़ित शैलेष जैन ने कोतवाली पुलिस को एफआईआर के लिए आवेदन दिया था। जिसके बाद तहसीलदार से जवाब लेने पश्चात अब कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### ऐसा था मामला

शैलेष जैन की मां के नाम पर लगभग 17 हजार वर्गफीट जमीन दर्ज थी। उनकी मां के देहांत के बाद 3 से 6 जनवरी के मध्य उक्त जमीन को राजेंद्र जैन के नाम पर चढ़ा दिया गया। जबकि पटवारी का कहना है कि इस अवधि में वे हड़ताल पर थे। ऐसे में मामला सामने आया कि किसी ने फर्जी तरीके से पटवारी की आईडी उपयोग कर यह काम किया है। जिसकी शिकायत पटवारी देवरत्न यदु ने राजस्व महकमे के अफसरों से एवं पीड़ित शैलेष जैन ने कोतवाली पुलिस से की थी।

### इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार से मिले जवाब के आधार पर राजेंद्र जैन एवं फोन नंबर 7000387873 धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनके खिलाफ बीएनएस की धाराएं 318-4, 336-3, 338, 340-2, 61-2 और 66-सी आईएनएफ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ज्ञात हो कि राजेंद्र जैन के नाम पर ही उक्त भूमि को स्थानांतरित किया गया था।

# बिगड़ी यातायात व्यवस्था, तीन -चार पहिया वाहनों से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में कई जगहों पर पूजा पंडाल लगाए जाने और श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कई मार्गों में तीन व चार पहिया वाहनों की एंट्री बंद की गई है। इसके बावजूद वाहन आसानी से प्रवेश कर रहे हैं। जिसकी वजह से बार-बार जाम लग रहा है।

शहर के भारतमाता चौक से तिरंगा चौक, कामठी लाइन, गुरुद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, जयस्तंभ रोड, गांधी चौक से दुर्गा चौक रोड़ पर चार पहिया वाहन की वजह से जाम लग रहा है। जिसके चलते अपनी दो पहिया वाहन से माता का दर्शन करने निकले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात पुलिस विभाग द्वारा शहर के कई मार्गों में स्टॉपर रखकर चार पहिया वाहनों का प्रवेश मना किया गया है। पुलिस जवान तैनात नहीं होने के चलते चार पहिया वाहन चालक स्टॉपर हटाकर अपना वाहन ले जा रहे हैं। जिसके चलते जाम लग रहा है। नवरात्रि में इस वर्ष 2 दिनों तक पंचमी होने के चलते देवी पंडालों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा के दर्शन किए। इस दौरान विभिन्न पंडालों में जगह-जगह खीर-पुरी और अन्य प्रसादी वितरण किया गया। प्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालुओं की भीड़ और तीन-चार पहिया वाहन की वजह से कई जगहों पर जाम लग गया।

### शहर में व्यवस्था चौपट

नवरात्र में शहर के बीच यातायात की बेहतर व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। पुलिस बल की कमी और डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में यातायात के जवानों की तैनाती के चलते शहर में यातायात व्यवस्था संभालने पुलिस के जवान नजर नहीं आ रहे हैं। जिसकी वजह से तीन और चार पहिया वाहन चालक अपने वाहन तंग रास्तो पर भी ले जा रहे। जिससे आमने-सामने दो वाहन आने पर जाम लग रहा है।


संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रौस्कोपिक सर्जन

डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)
- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## सार समाचार

### पंडालों में की जा रही जलापूर्ति

**राजनांदगांव।** मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि पर पर्व पर आयोजित मेले में शामिल होने वाले दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड राजनांदगांव द्वारा पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम अंजोरा से रामदरबार, बापूटोला से सुकुलदैहान होते हुए अछोली तक तथा मोहारा से दवकट्टा, बोरतलाब एवं डोंगरगढ़ मेला ग्राउंड में लगभग 32 पंडालों में 47 यूपीव्हीसी टैंक, 11 सिंगल फेस पावर पंप एवं 7 टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। पेयजल के सुचारू व्यवस्था के लिए तीन पालियों में 43 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। पंडालों में अधिकारी-कर्मचारियों का मोबाइल नंबर दर्ज है, जिस पर संपर्क कर पेयजल से संबंधी समस्या के निवारण किया जा सकता है।



### खुज्जी साहू समाज मंडल चुनाव संपन्न

**राजनांदगांव।** खुज्जी मंडल साहू समाज के चुनाव उत्साह और सौहार्द्र माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवल किशोर साहू ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। अध्यक्ष पद पर नवल किशोर साहू और देवेंद्र साहू के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें नवल किशोर साहू ने 21 मतों से जीत दर्ज कर समाज का विश्वास जीता। अन्य पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष संगीता साहू, प्रभु देवा साहू, संगठन सचिव रमेश कुमार साहू, सदस्य ज्योति साहू, जिला साहू समाज के उपाध्यक्ष मदन साहू ने मौके पर पहुंचकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में बेलस साहू, गिरधारी लाल साहू, भुवन साहू शामिल रहे।



### मेट्रो ट्रेन विस्तार की मांग

**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत रायपुर से दुर्ग चलने वाले मेट्रो ट्रेन का विस्तार राजनांदगांव तक किए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपकर समिति की ओर से मांग की गई। शिवनाथ क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने बताया कि राजनांदगांव से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन रायपुर अपने कार्य और प्रशासनिक एवं राजनीतिक कार्यों से आते-जाते हैं। यदि मेट्रो की सुविधा उन्हें प्राप्त होती है तो राजनांदगांव को एक बड़ी सौगात मेट्रो की प्राप्त होगी और रोड पर बढ़ने वाले दबाव कम होंगे। इस दौरान शैलेंद्र तिवारी, अमलेंदु हजरा, कचरू शर्मा, हरिजीत सिंह भाटिया, राकेश ठाकुर, विजय हरिहारनों एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



### वार्ड व बूथ स्तर पर मनाई जाएगी जयंती

**राजनांदगांव।** जनसंघ के आधार स्तंभ अंत्योदय सिद्धांत के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती को भारतीय जनता पार्टी देशभर में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाती है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि राजनांदगांव में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सभी 51 वार्डों में मनाई जाएगी। जिसमें सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित होकर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाएंगे। इसके लिए मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, खिलेश्वर साहू व मनोज साहू ने बताया कि सभी वार्ड एवं बूथों के प्रभारी बनाए गए हैं, जो जयंती समारोह में शामिल होंगे। साथ ही शक्ति केंद्र तथा मंडल स्तर पर भी प्रदेश भाजपा से पदाधिकारी को जवाबदारी दी गई है। भाजपा जिला के सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव व राजेंद्र गोलछा ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के आयोजन में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष नंदन जैन विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इसी तरह से प्रमुख मंडलों में वरिष्ठ नेताओं को प्रदेश भाजपा ने जवाबदारी सौंपी गई है।



### ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

**राजनांदगांव।** जिले में सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं से लाभान्वित किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के कोलिहापुरी, पिनकापार, तुरेंगढ़, लालूटोला, सीताकसा में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नीर और नारी जलयात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। जिले में आदि कर्मयोगी अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राजनांदगांव जिले के 105 गांवों का चयन किया गया है। जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाएं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों में विकास के लिए जानकारी दी जा रही है। जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




### पुण्यतिथि पर याद किए गए दाऊ मंदराजी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक रंग शैली नाचा के पितामह दाऊ मंदराजी को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर लोक कलाकारों व कला साहित्य सुधियों द्वारा कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया और सांगीतिक बैठकी आयोजित कर गायन- वादन के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। नाचा के गम्मतिहा कलाकार प्रेमलाल साव के संयोजना में कला ग्राम कन्हारपुरी में आयोजित उक्त सांगीतिक बैठकी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा व अध्यक्षता कवि अखिलेश प्रसाद मिश्रा ने की। इस अवसर पर राकेश इंदूभूषण ठाकुर, कथाकार मानसिंह, पवन यादव, आनंद राम सार्वा, नाचा के वरिष्ठ कलाकार दाऊ चतुर सिंह, मोहरी वादक नत्थन दास, नाचा परी कलाकार छन्नु लाल साहू, विसराम साहू, तबला वादक महादेव हिरवानी, मनहरन साहू, मोहन लाल, महावीर आदि लोक कलाकारों ने मंदराजी गौठान में स्थापित दाऊ मंदराजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही संगीतकार खुमान लाल साव की प्रतिमा पर हार-फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया। उक्त जानकारी कवि पवन यादव ने दी।



## सांकरा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख की घोषणा

# कौशल विकास प्रशिक्षण से जीवनभर के लिए मिलता है हुनर : विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 24 सितंबर को ग्राम सांकरा स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित ऑफर लेटर वितरण सह राजमिस्त्री प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम पंचायत सांकरा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। डॉ. सिंह ने सभी को क्वांर नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दी।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कौशल उन्नयन के लिए कॉलेजों की स्थापना की गई और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के बड़े-बड़े शहरों में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिले, इसके लिए योजना का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कौशल का कार्य आना चाहिए। उन्होंने अपने चीन एवं जापान यात्रा के दौरान हुए अनुभव को साझा करते बताया कि इन देशों की 80 से 85 प्रतिशत आबादी किसी न किसी क्षेत्र में हुनरमंद हैं। छोटे-छोटे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर बड़े-बड़े कार्य किए जा सकते हैं। विकसित देशों में कौशल उन्नयन के सबसे ज्यादा कार्य हो रहे हैं।

कार्यक्रम को सांकरा सरपंच भानेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर योगेश दत्त मिश्रा, प्रतिमा चंद्राकर, देव कुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, मूलचंद भंसाली, सुरूचि सिंह, गौतमचंद पाटिल, श्रम पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षणार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का हो रहा कौशल विकास

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि शासन की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का कौशल विकास हो रहा है और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमिस्त्री का कार्य पहले पुरूष ही करते थे, लेकिन शासन ने महिलाओं को भी प्रशिक्षण प्रदान कर राजमिस्त्री बनने का अवसर दिया है। साथ ही कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत गारमेंट मेंकिंग, टूरिजम एण्ड हॉस्पिटालिटी, इलेक्ट्रिशियन, सोलर पैनल सहित अन्य पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के अवसर मिल भी रहे हैं।

### बड़ी संख्या में लगाया जा रहा सोलर पैनल

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाया जा रहे है, इससे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करने से जीवन भर का हुनर मिलता है। उन्होंने कहा कि यहां से सोलर पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 28 हितग्राहियों को ऑफर लेटर का वितरण किया गया है एवं राजमिस्त्री कोर्स में 30 हितग्राहियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को 200 रुपए प्रति दिवस का मानदेय खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रतिकात्मक रूप से चाबी का वितरण किया।

### सभी जिलों में लाईवलीहुड कॉलेज की स्थापना

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में लाईवलीहुड कॉलेज की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राजनांदगांव जिले में सबसे पहले प्रशिक्षण की शुरूआत की जा रही है।

## 5 हॉकी खिलाड़ियों का स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में चिखली स्कूल मैदान में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण केंद्र से 5 खिलाड़ियों का चयन 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायपुर के लिए हुआ है। प्रतियोगिता कल 27 से 30 सितंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित है। ये खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की मंशा के अनुरूप राजनांदगांव में हॉकी के विस्तार और विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चिखली स्कूल मैदान में पिछले आठ महीनों से निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के नेतृत्व में लगभग 250 खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बालिका वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ियों में पुष्पिता साहू, द्रिशा निषाद, घनिष्ठा साहू तथा मोनिष्का विश्वकर्मा तथा बालक वर्ग के लिए चयनित खिलाड़ी में दक्ष चौबे शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक किशोर धीवर एवं चंद्रहास साहू के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर फिरोज अंसारी, शिवनारायण धकेता, नरेश डाकलिया, नीलम जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश शर्मा, अजय झा, अनूप श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, भूषण साव, ए एक्का, अनुराज श्रीवास्तव, गुणवंत पटेल, महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रिंस भाटिया, अब्दुल कादिर, दिग्विजय श्रीवास्तव, योगेश दुवेदी, देवेंद्र ठाकुर, विष्णुनंद चौबे, परमजीत सिंग, हनीफ कुरैशी एवं हारुन खान ने बधाई दी।

## जिले के डेढ़ सौ पुलिस कर्मियों का तबादला, 39 को मिला थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे समय के बाद जिले के पुलिस महकमे में एक साथ थोक में तबादले की सूची सामने आई है। जिला एसपी मोहित गर्ग ने 148 कर्मचारियों को इधर से उधर किया है। इसमें 17 एएसआई सहित 35 प्रधान आरक्षक एवं 95 आरक्षक शामिल हैं। रक्षित केंद्र से भी बड़ी संख्या में कर्मियों को थाना भेजा गया है। वहीं यातायात में भी बदलाव किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिले में दर्जनभर थानेदारों के बदलाव किए गए थे। उनके साथ ही कुछ एसआई को भी इधर से उधर किया गया था। इसके बाद अब प्रधान आरक्षक, आरक्षक की सूची भी जारी कर दी गई है। बताया गया कि रूटिन के आधार पर ऐसे कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं, जो लंबे समय से संबंधित थाना या चौकी में पदस्थ थे। हालांकि सर्वाधिक शिकायतों से घिरे हुए सायबर सेल में मामूली बदलाव ही किए गए हैं।

### शहर के थानों में भी बदलाव

एसपी द्वारा जारी सूची में 39 पुलिस कर्मियों को लाइन से थानों में पदस्थ किया गया है। वहीं शहर के थानों की बात की जाए तो सर्वाधिक बदलाव कोतवानी थाना में किए गए हैं। यहां से 17 पुलिस कर्मियों का तबादला कर दिया गया है। वहीं थाने के अधीन आने वाली चिखली चौकी से छह को दूसरी जगह भेजा गया है। बसंतपुर थाना से 8 एवं लालबाग थाना से 7 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण हुआ है। वहीं सायबर सेल से महज 2 को ही बदला गया है।

## जिले में अब तक 6399.9 मिमी वर्षा की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से 25 सितंबर तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 6399.9 मिमी बारिश एवं औसत 914.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 1000.6 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 900.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1221.7 मिमी, घुमका तहसील में 778.5 मिमी, छुरिया तहसील में 712.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 867.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 918.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1221.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह गुरुवार को राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 182.4 मिमी एवं औसत 26.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 10.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 34 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 25.5 मिमी, घुमका तहसील में 19 मिमी, छुरिया तहसील में 31.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 40 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 21.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा कुमरदा तहसील में 40 मिमी दर्ज की गई है।

## दोगुना हुआ बिजली का बिल उपभोक्ताओं में रोष : महेन्द्र



**राजनांदगांव।** उपभोक्ताओं को हाल ही में बिजली बिलों में हुई भारी बढ़ोत्तरी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आम जनता में रोष है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती से आमजन-किसान भी परेशान हैं। राज्य में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को घटाकर 100 करने से उपभोक्ताओं को पिछली बार की तुलना में दोगुने से भी अधिक बिल मिल रहे हैं। इस अचानक बढ़ोत्तरी ने न केवल गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के बजट को बिगाड़ दिया है, बल्कि प्रदेश के भाजपा सरकार की योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के गलत फैसले ने महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है। भाजपा के डबल इंजन ने छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल दोगुने से भी अधिक बढ़ाकर महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि की वसूली शुरू कर दी है।

### केंद्र की तरह राज्य सरकार ने भी बदले फैसले

महामंत्री महेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते इसे जनविरोधी कदम बताया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में सरकार बनाने चुनाव से पहले उन्होंने आम जनता को झूठे वादे कर सत्ता हासिल की है, जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दबाव में आकर अपने फैसले बदल रही है, उसी तरह राज्य सरकार को भी अपने जनविरोधी फैसलों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बिजली की दरों को तुरंत वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए।

## स्वास्थ्य शिविर में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में स्वस्थ नारी/स्वस्थ परिवार अभियान के अंतर्गत 19 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे संगोष्ठी कक्ष में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता तथा स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय आयुष विंग से डॉ. आरती कवले एवं डॉ. अनमोल गुप्ता ने छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। दोनों चिकित्सकों ने मासिक धर्म स्वच्छता, पीसीओएस जैसी समस्याओं के लक्षण, कारण एवं उनके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन, तनाव नियंत्रण और नियमित व्यायाम की महत्ता पर विशेष बल दिया।

शिविर का आकर्षक हिस्सा डॉ. स्नेहा देशमुख द्वारा योगाभ्यास का प्रत्यक्ष प्रदर्शन रहा। उन्होंने छात्राओं को ऐसे योगासनों का अभ्यास कराया, जो महिला स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए अत्यंत लाभकारी है। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग की विभिन्न मुद्राओं को सीखा। कार्यक्रम में डॉ. फुलसो राजेश पटेल, डॉ. एसआर कन्नौजे, शिवेंद्र कुमार, पुण्यप्रदा सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य संकाय के सदस्य उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने अपने प्रश्न रखे। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उनके संदेहों का समाधान किया तथा व्यक्तिगत परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।



## रानीसागर में मॉकड्रिल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर के रानीसागर तालाब में बाढ़ व आपदा से बचाव एवं मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान आपदा प्रबंधन टीम द्वारा बाढ़ आपदा सामग्री, लाइफ जैकेट, रस्सी, बोट, ओबीएम मशीन उपकरणों की जांच करने के पश्चात मॉक एक्सरसाइज का अभ्यास किया गया। टीम द्वारा अभ्यास के दौरान आपदा सामग्री का संचालन एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आपदा के समय स्वयं और दूसरों की जीवन रक्षा एवं सुरक्षित रहने के संबंध में जानकारी दी गई। बचाव के साथ-साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। जिला स्तरीय अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की टीम तथा बाढ़ आपदा की टीम, आपदा मित्र की टीम द्वारा संयुक्त रूप से मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया।

मॉकड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मॉकड्रिल में 15 आपदा मित्र, 50 एनसीसी एवं 50 एनएसएस कैडेट शामिल हुए। मॉकड्रिल में पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संसाधन सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



## कमला कॉलेज में मनोविज्ञान परिषद का गठन

■ छात्राओं को सौंपे गए दायित्व

**राजनांदगांव।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 सितंबर को मनोविज्ञान परिषद् का गठन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर की उपस्थिति में विभिन्न पदों के लिए छात्राओं का मनोनयन किया गया।

एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या जसवानी को परिषद का अध्यक्ष, आंचल सोनी को सचिव तथा संध्या यादव को कोपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं संतोपी यादव को उपाध्यक्ष तथा प्रियंका मानिकपुरी को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का एक प्रमुख विभाग है। परिषद के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विभाग की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ानी होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने बताया कि दुर्ग विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित एकमात्र मनोविज्ञान शोध केन्द्र हमारे महाविद्यालय में स्थित है, जो कि गौरव की बात है। अभी तक यहां से तीन छात्राओं को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है और वर्तमान में 10 शोधार्थी अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक डॉ. मोना माखीजा ने कहा कि आज के समय में मनोविज्ञान की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। यह विषय करियर के अनेक रास्ते खोलता है। छात्राएं लगन और समर्पण से अध्ययन करें तो भविष्य में अपार संभावनाएं उनके सामने होगी। कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सिद्धी मिरानी और धन्यवाद ज्ञापन डाली कोमा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की समस्त छात्राएं मौजूद रही।




## जयंती पर मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रसेन भवन में श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कामठी महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी महेश रामरतन भारूका ने कहा कि भगवान अग्रसेन ने अग्रवाल समाज को सहयोग एवं सहकार का संस्कार दिया। उनके द्वारा विकसित ''एक ईंट एक रूपया'' का दृष्टांत आपसी सहयोग से सभी को सक्षम बनाने की परिकल्पना का व्यावहारिक तरीका है, परंतु बदले हुए युग की जरूरतों के अनुसार इस विचार को विस्तार देना होगा।

उन्होंने कहा कि अब ''एक लाख रुपए-एक ट्रक ईंट'' की सहयोग वृत्ति को प्रोत्साहन देते हम अपनी सामाजिक जरूरतों तथा लोक कल्याण के कार्यों को किसी पर निर्भर हुए बगैर अपनी स्वयं की क्षमता से कर सकते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि राजनांदगांव का अर्थ संपदा सम्पन्न अग्रवाल समाज अपने पारिवारिक संख्या बल के सहयोग से इस वास्तविकता को धरातल पर उतारने में सक्षम है। समारोह की अध्यक्षता करते नागपुर की प्रतिष्ठित समाजसेविका उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि भगवान अग्रसेन के आदर्शों को अपनाते हमारे समाज ने व्यवसाय, उद्योग, राजनीति, खेलकूद एवं चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में सफलता अर्जित की है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव से मेरा पारिवारिक नाता है। यहां समाज की महिलाएं अच्छा कार्य कर रही है। 22 सितंबर को भगवान अग्रसेन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह प्रारंभ हुआ।






## खबर संक्षेप

### बागनदी में साइकिल वितरण

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल बागनदी में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के आतिथ्य सरस्वती योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। इस दौरान जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, जनपद सभापति थनवार मंडावी, जनपद सदस्य अशोक नेताम, प्रकाश देशमुख, सरपंच सुरेश सहारे, कुणाल निर्मलकर, गणेशु सिन्हा, मदन चक्रवर्ती आदि मौजूद थे। इस दौरान श्री गांधी ने छात्र छात्रओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि डॉ रमन सिंह जब मुख्यमंत्री थे उन्होंने कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू किया था।



### नुक्कड़ नाटक का मंचन

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल नागपुर द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाईस्कूल डोंगरगढ़ ने रेलवे स्टेशन, बुकिंग ऑफिस, मेला ग्राउंड में स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। बच्चों के कार्यक्रम को दर्शनार्थियों ने काफी पसंद किया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक और रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।



### भाजपा ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शहर भाजपा मंडल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड दो में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें वार्ड सहित आसपास के लोगों ने जांच कराया। मुख्य आयोजन स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल के विचारों को लोगों के सामने रखा। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ जनों का भाजपा नेताओं ने शाल, श्रीफल भेट कर सम्मान किया। इस अवसर पर रामजी भारती, शशिकांत द्विवेदी, सुरेंदरसिंग बनोआना, मनोज अग्रवाल, हरविंदरसिंह मंगे, सुनील जैन, महेंद्र भाई पटेल, सीपी मिश्रा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चौरड़िया, महेंद्र वैष्णव, कुलवंत कक्कड़, राजनारायण चंदेल, महेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जसमीतसिंह बन्नोआना, सविता दरगढ, विनय बंसल, विनीत यादव, तरुण हत्थेल, अनिल सिन्हा, परदेशी सोनबोईर, रवि यादव, सुमित मिश्रा, अमित जैन, रेखा राघौते, देवेंद्र साखरे, सुमित ताम्रकार, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे, बबिता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर, भागवत नामदेव, अनिल पांडे, अलका सहारे, सरफराज नवाज, एसपी मिश्रा, कैलाश सोनवानी आदि मौजूद थे।



### विसर्जन बिल्ला वितरण 29 से

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा क्वांर नवरात्रि पर्व अंतर्गत आगामी एक अक्टूबर को ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। जिन श्रृद्धालुओ ने नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किए हैं वह 29 सितंबर एवं 30 सितंबर को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक संध्या 4 से संध्या 6 बजे तक ज्योति कलश उठाने का बिल्ला ज्योति कार्ड लाकर नीचे मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### विधायक ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**गंडई पंडरिया।** खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा शुक्रवार को ग्राम खौड़ा पहुंची और 15 लाख 70 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें अवंती बाई लोधी की मूर्ति और एक प्राथमिक शाला का अतिरिक्त कमरा शामिल था। कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। विरोध के बीच उन्होंने गांव की मांग पर सीसी रोड के लिए 5 लाख और स्कूल के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो और कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### चोरड़ाधाम में जगमगा रहे आस्था के जोत

**सड़क अतरिया।** क्वांर नवरात्र पर्व में क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक चोरड़ाधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी है। यहां स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता। इस बार भी भक्तों की आस्था के जोत जगमगा रहे हैं। प्रतिदिन माता के भक्त जोत दर्शन एवं पूजन करने पहुंच रहे हैं। शनिवार को यहां भक्ति भाव के साथ पंचमी मनाया गया। मंगलवार को महाअष्टमी पर हवन किया जाएगा।



### अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र के लोग अघोषित विद्युत कटौती से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया की विभाग द्वारा बिना सूचना के बिजली घंटों बंद कर दिया जाता। नवरात्रि पर्व में सभी जगह धार्मिक आयोजनों का दौर चल रहा है ऐसे बिजली कटौती आयोजन में खलल डाल रही है। शनिवार को बिना किसी सूचना के 8 घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रही। बिजली से चलने वाले कम्प्यूटर, वेल्डिंग आदि दूकानों का काम प्रभावित हुआ। वही लोग गर्मी से परेशान रहे। ग्रामीणों की मांग है कि पर्व को देखते हुऐ बिजली कटौती पूर्व सूचना के बाद किया जाए।

## यातायात को सुगम बनाने प्रशासन की पहल

# शहर में समय-बे-समय नहीं आ-जा सकेंगे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आम जनता की सुरक्षित आवाजाही और सड़क दुर्घटनाओं में विराम लगाने प्रशासन ने शहर में प्रवेश करने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों के लिए जिला प्रशासन ने नियमानुसार पाबंदी आदेश जारी किया है।कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा जारी आदेश को लेकर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि शहर में समय बेसमय भारी वाहनों की आवाजाही से शालेय समय में दुर्घटना की आशंका और यातायात जाम की स्थिति निर्मित होते आ रही है जिसे देखते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहतप्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए शहर में भारी वाहनों के परिचालन को लेकर समय सारीणी अनुसार प्रतिबंध आदेश जारी किया है।




### प्रशासन ने तय किया समय

रायपुर धमधा रोड से ईतवारी बाजार होकर शहर प्रवेश करने वाले वाहन शनि मंदिर के पास, राजनांदगॉव रोड से आने वाले वाहन माइलस्टोन स्कूल पास, डोंगरगढ़ व्हाया ढारा होकर आने वाले वाहन दाऊचौरा बाईपास में, कवर्धा से होकर आने वाले वाहन पिपरिया बाईपास चौक और दुर्ग रोड से आने वाले सभी भारी वाहन चेंद्री मंदिर पास रूकेंगे। इसके लिए प्रशासन ने सोमवार से शनिवार सुबह 9 से 12 और शाम 4 से 6 बजे और रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन 3 से 7 बजे तक का समय निर्धारित किया है। नवरात्रि पर्व के दौरान शाम 6 से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का शहर प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा शहर के अंदरूनी हिस्सों में लोडिंग अनलोडिंग के चलते जाम की स्थिति को देखते हुए सुबह 7 से 10 और रात 9 से 12 बजे तक का समय प्रशासन ने तय किया है।

# जर्जर स्कूल भवन को ढहाने कर रहे इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने के लिए पंचायत द्वारा तीन माह पहले अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन दिया गया था, पर अब तक डिस्मेंटल करने की अनुमति नहीं मिली है, जो स्कूल में पड़ रहें छात्रों के लिए परेशानी बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की दो बिल्डिंग अति जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। जिसे डिस्मेंटल के लिए माह जून में पंचायत द्वारा प्रस्ताव कर अनुभागीय अधिकारी छुईखदान को दिया जा चुका है। इसके बावजूद शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते अनुमति आदेश अप्राप्त है।

### दुर्घटना की आशंका

ज्ञात इस स्कूल परिसर में पूर्व माध्यमिक शाला के साथ-साथ प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी भी संचालित होता है। अल्प एवं दीर्घा अवकाश में छोटे-छोटे बच्चे इसी भवन के समय खेलते रहते हैं। कभी-कभी उस जीर्ण शीर्ण बिल्डिंग में चले जाते हैं। जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। भवन इस कदर जर्जर हो गया है कि छत का मलबा अनायास कभी भी गिरता रहता है। बरसात में यह समस्या और गंभीर हो गया है।

# आर्यव्रत पहुंचे दुर्गा पंडाल, विकास कार्यों को गति देने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के प्रतिनिधि व राजा आर्यव्रत देवव्रत सिंह ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर ब्लाक के ग्राम नवागांव, अछोली और दपका में दुर्गा पंडाल पहुंचकर मातारानी का आर्शीवाद लिया। मां आदिशक्ति की पूजा अर्चना और आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के बाद उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वे विकास कार्यों को और अधिक गति देने के अलावा जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। ग्राम नवागांव के ग्रामीणों ने आर्यव्रत सिंह को गांव की बदहाल सड़क से अवगत कराया। अछोली में संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पूर्व में रखी गई गली कांक्रीटीकरण की मांग पर चर्चा की। इस पर श्री सिंह ने कहा, माता रानी की कृपा और आप सभी के आशीर्वाद से यह कार्य बहुत जल्द स्वीकृत होगा। मैं आश्वस्त करता हूं कि आपके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। दपका में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से गांव तक पहुंचने वाले रास्ते की जर्जर हालत का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि सालों से यह मांग लंबित है और अब स्थिति बद से बदतर हो गई है। इस पर आर्यव्रत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बहुप्रतीक्षित मांग है जिसे बार-बार प्रशासन के सामने रखा है। यदि इस बार भी प्रशासन ने इसे स्वीकृति नहीं दी, तो हम आपके साथ मिलकर संघर्ष करेंगे, चाहे हमे उग्र आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि राजा का यह सीधा संवाद उन्हें आत्मविश्वास से भर देता है। उन्होंने भरोसा जताया कि आर्यव्रत सिंह की अगुवाई में विकास कार्य तेजी से होंगे और उनकी सालों पुरानी समस्याओं का



# कन्या शाला में पूर्व छात्राओं का मिलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत नगरी इस बार नवरात्र के दौरान ऐतिहासिक आयोजन की गवाह बनने जा रही है। आज़ादी से पहले 1927 में पुत्री शाला के नाम से शुरू और बाद में शासकीय कन्या शाला के रूप में स्थापित विद्यालय के शताब्दी वर्ष 2027 से पहले पूर्व छात्राएं पहली बार बड़े स्तर पर एक साथ जुटने जा रही हैं।

सांसद संतोष पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इस दौरान उपस्थित रहेंगें। रविवार 28 सितंबर को सिविल लाइन स्थित कन्या शाला परिसर में सैकड़ों पूर्व छात्राएं एक-दूसरे से मिलकर पुरानी यादें साझा करेंगी और हंसी-खुशी के पल बिताएंगी।

आयोजन को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने देशभर में अलग-अलग प्रदेशों और पेशे में कार्यरत छात्राओं तक ई-कार्ड के जरिए आमंत्रण भेजा है।

सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में उनका सम्मान किया जाएगा। एक पूर्व छात्रा एक पौधा अभियान और शिक्षा निधि बॉक्स के माध्यम से सामाजिक योगदान को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### भावनात्मक जुड़ाव और स्मृतियां

पूर्व छात्राओं के लिए पुरानी तस्वीरों और दस्तावेजों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें स्कूल के पुराने बैच, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फोटो गैलरी शामिल होगी। यादों की डायरी कोने में छात्राएं अपनी यादें और शिक्षकों के बारे में लिखेंगी। गुरु वंदन सत्र में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर भावनात्मक माहौल तैयार किया जाएगा। वही कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं की सफलता की कहानियां प्रस्तुत होगी। मार्गदर्शन कार्यक्रम की घोषणा कर वर्तमान छात्राओं को कैरियर में सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विद्यालय विकास प्रतिज्ञा में पूर्व छात्राएं वार्षिक सहयोग और प्रोजेक्ट तय करेंगी। विद्यालय इतिहास और यादों पर आधारित खेल और प्रश्नोत्तरी आयोजित होगा। फोटो बूथ में स्कूल से जुड़े पृष्ठभूमि और नारों के साथ तस्वीरें ली जाएंगी। अंत मे समूह गीत और आशाओं का दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से शिक्षा और समाजसेवा का संदेश दिया जाएगा। सभी पूर्व छात्राओं और शिक्षकों की सामूहिक तस्वीर तथा ड्रोन शॉट भी लिए जाएंगे। इसके अलावा पूर्व छात्राओं के लिए स्कूल में लौटना गतिविधि, यूनिफॉर्म दिवस और स्मृति पथ यात्रा जैसी गतिविधियां होंगी। शिक्षक अनुकरण कार्यक्रम सहित यादों के लिए माइक्रोफोन कोना और समय कैप्सूल जैसी इंटरैक्टिव पहल भी शामिल होंगी।

### ऐतिहासिक पल होगा

यह ऐतिहासिक पल होगा जब इतने सालो बाद यहां की पूर्व छात्राएं एक साथ मिलेंगी। शताब्दी वर्ष से पहले यह पहला अवसर है जब वे एक-दूसरे से मिलेंगी। सभी को ई-कार्ड भेजकर आग्रह किया गया है कि वे इस आयोजन में अवश्य शामिल हों। - **डॉ कमलेश्वर सिंह,** प्राचार्य

## महाविद्यालय में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने एनएसएस के ध्येय वाक्य मैं नहीं आप (निस्वार्थ सेवा) पर जोर और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए और पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को बी और सी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# गंडई को मिली स्काई लिफ्ट मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई ने नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्या को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। 15 वें वित्त आयोग मद से 33 लाख 82 हजार की लागत से खरीदी गई स्काई लिफ्ट हाइड्रोलिक मशीन का गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना किया।

यह मशीन नगर पंचायत द्वारा खरीदे गए उपकरणों में अब तक की सबसे महंगी है। नगर में सड़कों और गलियों में लगे ट्यूबलर पोल और हाई मास्क लाइट की अधिक ऊंचाई के कारण खराब होने पर सुधार कार्य मे दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कवर्धा से स्काई लिफ्ट मंगवाकर सुधार करना पड़ता था, जो महंगा और मुश्किलों भरा था। जिसके निराकरण में अब यह हाईड्रोलिक मशीन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



### पर्व के दौरान शहर होगा रौशन

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि इस मशीन के आने से न केवल सामान्य दिनों की समस्या दूर होगी, बल्कि आगामी नवरात्रि, दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान नगर में पूरी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि लाइट बंद होने की शिकायतों के लिए जल्द ही एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद दिलीप ओगरे, राकेश निषाद, यतीश कुंजाम, तामेश्वर साहू, प्रकाश मरार, पार्षद प्रतिनिधि क्रांति ताम्रकार, सीएमओ अविनाश देवांगन और निकाय स्टाफ उपस्थित था।




## हेलमेट जागरूकता पर कार्यक्रम

**जेवरतला रोड।** दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के उपयोग की जानकारी देने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट के वाहन चलाते समय दुर्घटना होने पर बड़ा नुकसान होता है। सिर पर हो चोट लगने से व्यक्ति पूर्णतः दिव्यांग हो सकता है या उसकी मृत्यु भी हो सकती है। व्याख्याता हैपशीबा एंथोनी ने 18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को वाहन न चलाने की सलाह देते हुए सड़क संकेतकों के बारे में बताया। व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि सभी चौक में लगे संकेतकों का पालन करना चाहिए। वाहन चालक खुद तो हेलमेट पहने साथ ही पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना चाहिए। कक्षा 12 वीं के मयंक, मोहित, साक्षी, रोशन, डेविड एवं उपासना ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, रीना बोरकर, वेदप्रकाश साहू, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।



सार समाचार



## चैतन्य देवियों की झांकी का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** नवरात्रि अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञान मानसरोवर में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का भव्य उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव ने किया। उन्होंने सर्वप्रथम चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन किया तथा इसकी भव्यता एवं सजीवता की प्रशंसा की।

इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद डुरेन्द्र साहू, पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद वीणा ध्रुव, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, महाकाल भक्त राजू डागा, संजय तेजवानी, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए दाऊ मंदराजी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक रंग शैली नाचा के पितामह दाऊ मंदराजी को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर लोक कलाकारों व कला साहित्य सुधियों द्वारा कृतज्ञतापूर्वक याद किया गया और सांगीतिक बैठकी आयोजित कर गायन- वादन के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। नाचा के गम्मतिहा कलाकार प्रेमलाल साव के संयोजना में कला ग्राम कन्हारपुरी में आयोजित उक्त सांगीतिक बैठकी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा व अध्यक्षता कवि अखिलेश प्रसाद मिश्रा ने की। इस अवसर पर राकेश इंदूभूषण ठाकुर, कथाकार मानसिंह, पवन यादव, आनंद राम सार्वा, नाचा के वरिष्ठ कलाकार दाऊ चतुर सिंह, मोहरी वादक नत्थन दास, नाचा परी कलाकार छन्नु लाल साहू, विसराम साहू, तबला वादक महादेव हिरवानी, मनहरन साहू, मोहन लाल, महावीर आदि लोक कलाकारों ने मंदराजी गौठान में स्थापित दाऊ मंदराजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही संगीतकार खुमान लाल साव की प्रतिमा पर हार-फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया। उक्त जानकारी कवि पवन यादव ने दी।



## छह खिलाड़ी करेंगे शाला का प्रतिनिधित्व

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छह प्रतिभाशाली जूडो खिलाड़ियों ने सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये छात्र अब राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैम्पिशनशिप में छत्तीसगढ़ और अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र में प्रियांशु नाग, झविन्द्र बघेल, वंदिता रावटे, अश्विनी गावड़े, सुहानी ताती और आर्ची जैन शामिल हैं। यह राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप संत ईशर सिंह जी महाराज एकैडमी कामिनीपुर श्रीगंगानगर राजस्थान में आयोजित की जा रही है। स्कूल प्राचार्य रेखा तिवारी ने छात्रों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।



## राष्ट्रीय सचिव वैष्णव राजस्थान व गुजरात प्रभारी बने



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी एवं कार्यकारिणी समिति की सहमति से लाल जेके वैष्णव को राष्ट्रीय सचिव के दायित्व के साथ ही राजस्थान एवं गुजरात के प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया है।उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी ने दी।

## साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष बने युगलकिशोर

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ कुमरदा के अंतर्गत कलडबरी परिक्षेत्र साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें मिलाप दास साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, डुमेश्वर साहू निर्वाचन अधिकारी देवानंद साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र कुमरदा, चंद्रभान साहू सचिव परिक्षेत्र बादराटोला की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल साहू को 37 मत एवं युगल किशोर साहू को 61 मत प्राप्त हुए। 24 मतों से युगलकिशोर साहू गोड़लवाही को विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष में मुकेश साहू महरुम एवं महिला उपाध्यक्ष दीपशिखा निर्वरोध निर्वाचित हुए। संगठन सचिव में किशोर साहू कलडबरी एवं उर्वशी साहू निर्वरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को भवभूति कलियारी उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुमरदा, लीलाराम साहू संरक्षक, तुकाराम संबलपुर, दीनदयाल साहू, डामनदास साहू, कृष्णा साहू, सोहन साहू, त्रिवेंद्र कुमार आदि ने बधाई दी।



## प्रदेश महासचिव बने रामनरेश

**राजनांदगांव।** मां करणी सेना में रामनरेश सिंह गौतम राजनांदगांव को प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ के पद पर नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल 2 वर्ष के लिए रहेगा। उक्त नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने की।

## पेंशन के लिए 29 से शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 29 सितंबर से 14 नवंबर तक सुबह 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 सितंबर को वार्ड नं. 1 एवं 2 के लिए लोधी भवन, 30 को वार्ड नं. 4 के लिए पार्षद कार्यालय पुराना ढाबा एवं 3 अक्टूबर को वार्ड नं. 3 व 8 के लिए मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

### चौकी विकासखंड नीचेकोहड़ा के निवासी हो रहे परेशान

# एक सप्ताह से ब्लैक आउट के शिकार ग्रामीणों ने किया सब स्टेशन का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम नीचेकोहडा में विगत एक सप्ताह से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का आज सब्र टूट पड़ा। भारी संख्या में महिला -पुरूष ग्रामीण मूसलाधार बारिश के बीच कौड़ीकसा सब स्टेशन पहुंचकर पावर हाउस का घेराव कर दिए।

उल्लेखनीय है कि नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम नीचेकोहडा में भागवत पुराण तथा कई तरह के धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही मुसलाधार बारिश में गांव में अंधेरा कायम है। गांव में बिजली सप्लाई ठप्प होने के कारण ग्रामीणों को दोनों समय का पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रहा है। विगत पांच -छह दिनों से गांव में पर्याप्त बिजली ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।

महिला-पुरूष ग्रामीणों ने आज देर शाम भारी बारिश के बीच सब स्टेशन कौड़ीकसा पहुंचकर कार्यलय का घेराव कर दिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ बेहद नारेबाजी करते सब स्टेशन का घंटों घेराव किए हुए थे। ग्रामीणों द्वारा पावर हाउस का घेराव की खबर पाकर अंबागढ़ चौकी पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंची।



### पदस्थापना, नहीं रहते अफसर

ग्रामीणों ने बताया कि कौड़ीकसा सब स्टेशन में पदस्थ संबंधित सब इंजीनियर यहां निवास नहीं करते, अन्यत्र जगह से वे कौड़ीकसा विद्युत विभाग का काम देख रहे हैं। सब स्टेशन में कोई शिकायत सुनने के लिए जिम्मेदार कर्मचारी भी नहीं है।

### कर्मचारियों को हटाने की मांग

कौड़ीकसा विद्युत विभाग में वर्षों से कर्मचारी जमे हुए हैं। नीचेकोहडा सरपंच रोशनी कोमा, उप सरपंच सुजानिक निर्मलकर, मूलचंद पिस्दा, यशवंत पिस्दा ,देवप्रसाद भुआर्य, बेदराम यादव, छबिलाल पिस्दा, बल्दुराम भारद्वाज, रतिराम नायक, रामेंद्र निर्मलकर, युवराज नायक, संगीतबाई, फुलवंतीबाई, उषा, भारती, पुष्पा आदि ने बताया कि वर्षों से कौड़ीकसा विद्युत विभाग में कर्मचारी जमे हुए हैं। जिनकी कार्यप्रणाली से पूरा वनांचल क्षेत्र परेशान है। आज उनका सब्र फूट गया, इसलिए वे लोग पर्याप्त बिजली के लिए भारी बारिश के बीच सब स्टेशन का घेराव किया है।

## गरबा में आधार कार्ड से एंट्री देने की मांग

■ एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना के पर्व में नवरात्रि के अवसर पर शहर में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में गैर हिंदुओं को प्रवेश नहीं देने के मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से मांग की है।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने कहा कि गरबा हमारी आस्था का केंद्र है। इसमें गैर हिंदू प्रवेश करते हैं। जिससे कई बार माहौल भी खराब होता है। उन्होंने कहा कि गरबा के आयोजन में गैर हिंदुओं को प्रवेश न दिया जाए, इसके लिए आधार कार्ड देखकर एंट्री देने की व्यवस्था हो।

**शहर में कई जगह आयोजन**

शहर में अलग-अलग जगह पर गरबा का आयोजन होता है, जहां सभी लोगों के लिए पास जारी किया जाता है। जिसके आधार पर एंट्री दी जाती है। कुछ संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले आयोजन में ही गैर हिंदू आयोजक मंडल में शामिल होते हैं। वहीं अब हिंदू जागरण मंच ने गरबा कार्यक्रम में गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है।

## गर्भवती माताओं की जांच व निःशुल्क दवाई वितरण

**राजनांदगांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 24, 25 व 26 सितंबर को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 सितंबर को गर्भवती, बीपी व शुगर जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। 25 सितंबर को 18 ग्राम पंचायतों स्वच्छता दीदियों, 23 को स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया।

वहीं 26 सितंबर को डॉ. मिताली दुवानी द्वारा गंभीर लक्षण वाले गर्भवती माताओं की जांच किया गया एवं खानपान संबंधित और स्वास्थ्य संबंधित परामर्श दिया गया। तीन दिनों तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत 123 गर्भवती माताओं का जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। 26 सितंबर को महिलाओं का कुर्सी दौड़ आयोजित किया गया। 27 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव एवं लाइफ लाइन ब्लड सेंटर राजनांदगांव एवं राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें 35 लोगों द्वारा रक्तदान दिया गया।



शिविर को सफल बनाने में डॉ. श्वेता बंसोड़, डॉ. तेजेंद्र वर्मा, मेघनाथ भुआर्य, बेबी शशि मेश्राम, यामिनी देशमुख, दीपचंद साहू, जयराम, विनय राजपूत, भगवती मांडवी, यश कुमार साहू, प्रतिमा चंद्राकर, देवकुमारी, पप्पू चंद्राकर, लीलाधर साहू, गुरु चरण सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## अधिकारी-कर्मचारी सम्मान समारोह 5 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला राजनांदगांव में आगामी 5 अक्टूबर को अधिकारी-कर्मचारी सम्मान समारोह प्रस्तावित है। गत 24 सितंबर को जिले के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति की संयुक्त वर्चुअल बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 5 अक्टूबर को जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी।

उक्त जानकारी देते जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अधिकारी-कर्मचारियों के बौद्धिक संसाधनों का उपयोग कर शिक्षा व संस्कृतियों का विकास तथा समाज की संगठन को मजबूत करना/ समाज के विकास तथा उत्थान सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

बैठक में गौकरण सिन्हा संयोजक सचिव रेशूलाल सिन्हा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ को मंडलेश्वर के माध्यम से जानकारी करने की जिम्मेदारी दी गई है। यह कार्यक्रम जिले के निर्देशन में जिले के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होंगे। यह कार्यक्रम 5 अक्टूबर को राजनांदगांव में आयोजित किए जाएंगे।

## देवी पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले मे एक बार फिर देवी देवताओं को अपमानित करने का मामला सामने आया है। जिले के एक व्हाट्सएप ग्रुप में देवी दुर्गा पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने से धार्मिक विवाद उत्पन्न हो गया है।

नवरात्र पर्व के पावन अवसर के दौरान इस पोस्ट से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए आज शनिवार की दोपहर एक बजे विप्र समाज और हिंदूवादी संगठनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और मोहला थाने में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना खड़गांव थाना क्षेत्र के किसी गांव की बताई जा रही है । जिले में एक व्हाट्सएप ग्रुप में देवी दुर्गा को लेकर की गई अभद्र तथा आपत्तिजनक टिप्पणी किसी नरेंद्र मंडावी नाम के युवक के द्वारा किया जाना बताया जा रहा है। यह टिप्पणी नवरात्र के दौरान की गई, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।



### भक्तों की भावनाएं हुई आहत

शिकायत में बताया गया है कि आरोपी ने जानबूझकर अशोभनीय बातें व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर की, जिससे समाज में धार्मिक विद्वेष फैलने की आशंका बढ़ गई है। इस पोस्ट से न केवल दुर्गा माता के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं, बल्कि यह सामाजिक सद्भावना और आपसी भाईचारे के लिए भी खतरा है।

### आरोपी गिरफ्तार

आज शनिवार की रात 8 बजे के लगभग आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है और आगे की आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

- **कपिल देव चंद्रा,** थाना प्रभारी, मोहला

## राजनांदगांव तक पहुंचे मेट्रो ट्रेन

■ कैट ने रमन सिंह को सौंपा मांग पत्र

**राजनांदगांव।** प्रदेश में रायपुर से दुर्ग तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर अब राजनांदगांव के व्यापारी और नागरिक भी सक्रिय हो गए हैं। शहर को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की मांग दिनो-दिन तेज हो रही है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला अध्यक्ष राजेश डागा ने कहा कि मेट्रो शुरू होने से यातायात की समस्या कम होगी। साथ ही व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

हाल ही में आयोजित व्यापारी संगठनों की बैठक में मेट्रो संचालन को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई। सभी व्यापारियों ने एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उनका कहना है कि मेट्रो ट्रेन न केवल स्थानीय कारोबार को गति देगी, बल्कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्रप्रदेश से जुड़े इस जिले को सीधा लाभ मिलेगा।

बैठक में कैट के संरक्षक अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू डागा, भावेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, राहुल जायसवाल, सागर चितलांगिया, हेतल भोजानी, बालू शर्मा, सागर गोलछा एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।



### सेवा पखवाड़े के सम्मेलन में भी उठी मांग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को सिंधु भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, युवा आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिंह तथा औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैट परिवार की ओर से संजय तेजवानी ने अतिथियों को रायपुर से राजनांदगांव तक मेट्रो ट्रेन शुरू करने का मांग पत्र सौंपा।

## चतुर्थ नवरात्र में माता का मंगल पाठ

**राजनांदगांव।** मां जीण भवानी महिला मंडल की सेविका मंजू खोखरिया, मीना पांडे व लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि मां बम्लेश्वरी पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल बागेश्वर धाम उत्सव हॉल में क्वांर नवरात्र महोत्सव के चतुर्थ नवरात्र में मां जीण भवानी माता का मंगल पाठ मां जीण भवानी महिला मंडल द्वारा किया गया।

पंच परमेश्वरी देवी मां बम्लेश्वरी देवी, शैलपुत्री, माता सरस्वती, माता लक्ष्मी व जीण भवानी का सप्तरंगी पुष्पों एवं पान के पत्तों से मातारानी का दिव्य भव्य मनमोहक अलौकिक नयनाभिराम दरबार सजाया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जीण माता महिला मंडल की सेविका मीना पांडे ने दी।

## जेम पोर्टल और निविदा में फर्जीवाड़ा कर टुकड़ों में खरीदी का चल रहा खेल

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल को माध्यम बनाकर सुनियोजित खरीदी में भ्रष्टाचार भाजपा राज में आम हो गया है।

स्थानीय व्यापारी उद्यमियों, महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति के विक्रेताओं का गला काटकर भाजपा नेता चांदी काट रहे हैं। जिले में डीएमएफ फंड से जिम सामग्री क्रय करने की कार्ययोजना को सप्लाई के पहले ही भाजपाई ग्रहण लग चुका है। जिसके चलते कुल राशि को टुकड़ों में कर बंदरबांट कर लिया गया है । जिम सामग्री के नाम पर घटिया और अनुपयोगी सामग्री सप्लाई जग जाहिर है जेम पोर्टल की खरीदी में भारी अनियमित जग जाहिर है। कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल से खरीदी में स्थानीय या कंपनी दर से चार गुना अधिक दर पर व्यक्ति विशेष से खरीदी किया जा रहा। कुछ दिन पूर्व हॉस्टलों में जो सामग्री क्रय कर सप्लाई की गई है वह निम्न स्तर की होने के साथ महंगे होने के कारण शासकीय कोष में डाका डालने जैसा कृत्य है। जेम पोर्टल में अब तक जो खरीदी हुई है या सप्लाई हुई है, इसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। राजनांदगांव जिले में कमीशनखोरी के लिए डीएमएफ फंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, क्योंकि ना कोई कार्य योजना, ना विभाग का ठिकाना, ना ही क्रय सामग्री की संख्या दर आमंत्रित की जा रही है, ना क्रय का माध्यम को सार्वजनिक किया जा रहा है, जो सुनियोजित साजिश का खेल है।



## कॉलेज में वाणिज्य परिषद का गठन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 25 सितंबर को वाणिज्य परिषद का गठन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम को प्रारंभ करते डॉ. एसके उके द्वारा विद्यार्थियों को वाणिज्य परिषद के महत्व से अवगत कराते इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि वाणिज्य परिषद का गठन गुणानुक्रम के आधार पर किया जाता है। संचालन प्रो. स्वयंसिद्धा झा द्वारा किया गया। महक जैन, सचिव साधना वर्मा, सहसचिव पटेल वृत्ति एवं कोषाध्यक्ष ट्विंकल को आमंत्रित कर डॉ. उके द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में वैशाली यादव, अंजलि बघेल, शिशिर मिश्रा, रोशन जहांआरा, चांदनी सोनकर, शुभ्रा शर्मा, श्रुति वाघमारे, खिलेश्वरी, प्रशांत चौरे, हर्षिता देशमुख, कविता सिन्हा, कुमकुम साहू, गोयल साहू, किरण साहू, बालकृष्ण कोमरे, साहिल जंघेल, अंकिता ओटी, रेशमा तारम, बरखा महोबिया, गोपेंद्र देवांगन, जितेश देवांगन, अभिज्ञान झा को शपथ ग्रहण प्रो. सुमन कोचर द्वारा कराया गया।












## खबर संक्षेप

### श्री रामकृष्णा पब्लिक स्कूल में रावण दहन

**हरिभूमि कवर्धा।** शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि जिसमें समूचा भारत, माता की भक्ति में लीन हो जाता है। इसी महापर्व के समापन उपरांत दसवें दिन बुराई पर अच्छाई की जीत विजयादशमी का पर्व मनाया जाता है। इसी पर्व के महत्व को अवगत कराने के उद्देश्य से श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में विजयादशमी पर्व का पूर्व शनिवार को आयोजन किया गया। विद्यालय का समूचा वातावरण जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा, प्राथमिक वर्ग के नन्हें मुन्ने बच्चे धनुष-बाण लिए आकर्षक साज, सज्जा के साथ उपस्थित हुए। यहां यह बताना भी लाजिमी होगा कि कुछ एक बच्चे ही नहीं बल्कि सभी नन्हें-मुन्ने बच्चे रामायण के विभिन्न पात्र जैसे राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुहन और माता सीता, हनुमान, कौशिल्या माता, जामवंत, सुग्रीव, नल-नील, अंगद सहित अनेकानेक किरदारों के साथ पूरे विद्यालय के प्रांगण को रामायण के रंग-मंच की तरह सुशोभित कर रहे थे। इसी कड़ी में विद्यालय के कला विभाग द्वारा बांस, गत्ता, रंग-बिरंगे पेपर, थर्माकोल, आकर्षक रंग, सहित धोती एवं अनेक आभूषणों से सुसज्जित बेहद ही कलात्मक एवं मनमोहक दशानन रावण की प्रतिकृति बनाई गई, जिसे विद्यालय के मैदान में लगाया गया। हलचल तब होने लगी जब इस पूरे उत्सव का मुख्य पल आया, जब राम के किरदार रूपी बच्चें ने तीर से रावण की इस प्रतिकृति का दहन किया।

### सिंघनपुरी स्थित भक्तिन दाई काली मंदिर में आस्था के 92 कलश



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी वार्ड नंबर 01 ठाकुर देव पारा भक्तिन दाई काली मंदिर स्थित है। जहां शारदीय नवरात्रि पर्व पर ग्रामीण श्रद्धालु व भक्तजनों द्वारा 92 ज्योति कलश प्रज्जलित किया गया है, जहां प्रतिदिन माता के दरबार में देर-रात तक जस गीत की प्रस्तुति श्रद्धालु भक्तों द्वारा की जा रही है। वही मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है, जिसमें तोरण, रंग-बिरंगी झालर लाईट से मंदिर आकर्षित नजर आ रहे हैं। नवरात्रि पर माता की सेवा में प्रमुख पुजारी शिवकुमार पटेल, पंडा विश्वकांत तिवारी, सेवादार विश्राम साहू, बुधराम धुर्वे जुटे हुए हैं।

### पेण्ड्रीकला स्कूल में शनिवार को बेगलेस-डे पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** रंगोली भारत की एक प्राचीन कला शैली है। इसे घरों-घर,आंगन और कभी-कभी दीवारों पर भी शुभ अवसरों पर बनाया जाता है। रंगोली घर की खुशी, सकारात्मकता और जीवंतता का प्रतीक है और इसका उद्देश्य धन और सौभाग्य की देवी लक्ष्मी का स्वागत करना है। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत बस्ता मुक्त दिवस सुपर शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली बनाने के लिए बालिकाओं को एक घंटा का समय दिया गया था। जिसमें वह स्वयं उपलब्ध कराई गई सामग्री का उपयोग कर स्वच्छता पर आधारित रंगोली शामिल किया गया। वहीं निर्णय रचनात्मक, रंग संयोजन, संदेश रूप और सर्वश्रेष्ठ विषय के आधार पर किया गया। सभी बच्चों द्वारा शानदार व आकर्षित रंगोली बनाया गया। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम राधिका निषाद, द्वितीय मानसी निर्मलकर, प्रीति यादव तथा तृतीय पूजा निषाद एवं अंशु पटेल चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभागियों को एक-एक कॉपी व एक-एक पेन देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों को रंगोली के माध्यम से अपनी कलात्मक क्षमता और रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर मिलता है, जिससे उनके कलात्मक कौशल में निखार आता है। समूहों में काम करने वाले छात्राओं ने रंगोली बनाते समय टीम वर्क, सहयोग और प्रभावी संचार के महत्व को सीखते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बैजनाथ चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेंद्र व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### धनेली में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम धनेली में शारदीय नवरात्रि बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष ग्राम में तीन दुर्गा प्रतिमा सहित 45 ज्योति कलश जोत-ज्वांरा प्रज्जवलित किया गया। जिसमें ग्राम के भक्तजनो द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया गया है। जिसमें पंडा अनुज साहू, हेमंत साहू, दीपक निर्मलकर द्वारा निःस्वार्थ भाव से माता रानी की सेवा तथा मां दुर्गा पंडाल में हरि साहू, लाला साहू सेवक के रूप में सेवा दे रहे है। ग्राम धनेली निवासी बल्लूराम साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू एवं सुखीराम साहू ने बताया कि ग्राम धनेली में हर्षोल्लास के साथ नवरात्रि में भव्य रूप से दशहरा पर्व मनाया जाता है, जिसमें आसपास क्षेत्रवासियों को दशहरा कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग की अपील की गई।

# भाजपा मण्डल कुण्डा का युवा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा**

भाजपा मण्डल कुण्डा का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिषर में युवा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता एवं दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित होना है। इसी क्रम में शनिवार को कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सेवाराम कुर्रे के नेतृत्व में भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया प्रांगण में एक दिवसीय युवा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता व दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे सभापति मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में ओम यदु जिला मंत्री भाजपा, सेवाराम कुर्रे कार्यक्रम प्रभारी, संतोष चंद्रवंशी पूर्णकालिन विस्तारक, महामंत्री मनहरण साहू, कृष्ण चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता, विकास पाण्डेय, गीताराम साहू, गणेश यादव, नरेंद्र निर्मलकर, हरेंद्र सिंह राजपूत, राजकुमार चंद्राकर, संगीता निर्मलकर, राजेश यादव, परषोत्तम निर्मलकर उपस्थित थें। इस कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। युवा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जिसमें कबड्डी, फुगड़ी, खुर्सी दौड़ खेल संपन्न हुआ, जिसमें बढ़ चढ़कर सभी युवाओं ने भाग लिए। विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम के प्रभारी सेवाराम कुर्रे की ओर से स्मृति चिन्ह अतिथियों के हाथों से खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



### खेल के क्षेत्र में शारीरिक मानसिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनेः सेवाराम

कार्यक्रम प्रभारी सेवाराम कुर्रे ने संबोधित करते हुए कहा सेवा पखवाड़ा के माध्यम से जनमानस में सेवा का भाव जागृत हो व देश के नवनिर्माण में हम सभी की भागीदारी हो अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास हो विकसित भारत के संकल्प लेकर हम सब समर्पित भाव से कार्य करें। इस कार्यक्रम में युवा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से आज के जो युवा हैं खेल से जुड़े और अपने आप को फिट रखें और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े जिससे शारीरिक मानसिक आर्थिक रूप से मजबूत बने। सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे ने नर सेवा ही नारायण सेवा है के उदाहरण देते हुए सेवा के भाव प्रत्येक व्यक्ति के मन और विचार में होनी चाहिए और सेवा के माध्यम से ही एक दूसरे का हमें सहयोग करना चाहिए और देश के नवनिर्माण में हम सबको अपनी भूमिका निभाए, जिससे राष्ट्र मजबूत बने।

### यातायात सुगम बनाने प्रशासन सख्त, अब सड़क पर ठेला लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

# कलेक्टर ने नवीन बाजार से कर्मा माता चौक तक किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

कवर्धा शहर के मुख्य सब्जी बाजार में यातायात को सुगम बनाने और बाजार को सुव्यवस्थित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने देर शाम नवीन बाजार एवं सब्जी बाजार के मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग पर सब्जी ठेलों की अव्यवस्थित स्थिति देखने को मिली। कई जगह सड़कों पर दो से तीन लेयर में सब्जी ठेले लगे पाए गए, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। इस पर कलेक्टर ने छोटे व्यापारियों एवं ठेला संचालकों से सीधे चर्चा की और कहा कि बाजार और शहर आपका है। जब यातायात सुगम और बाजार सुव्यवस्थित होगा, तभी बाजार की रौनक और बढ़ेगी। इसलिए ठेला-गुमटी सड़कों पर लगाने से बचें। उन्होने इस संबंध में राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम को निर्देश दिए कि व्यापारियों को लगातार समझाइश दी जाए और इसी सप्ताह से सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों पर जब्ती की कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, एसडीएम चेतन साहू, राजस्व विभाग, पुलिस, पालिका अधिकारी रोहित साहू एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थें। निरीक्षण कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद सुनील साहू, संजीव कुर्रे, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, हरीश साहू सहित जनप्रतिनिधि ने भी व्यापारियो से सड़कों पर दो तीन लेयर में ठेला नही लगाने और सड़कों के किनारे से सब्जी बाजार नहीं लगाने के लिए आग्रह एवं निवेदन किया, ताकि सुगम यातायात और सुव्यस्थित बाजार के रूप में राहगीरों और बाजार करने आए शहर वासियों के लिए अच्छा माहौल बन सके।

### चिकन, मटन एवं मछली बाजार होगा शिफ्ट



कलेक्टर ने बताया कि नवीन बाजार क्षेत्र में सब्जी बाजार के दबाव को कम करने के लिए नगर पालिका को निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में बाजार के अंदर पर्याप्त खाली स्थान उपलब्ध है, जहां व्यापारियों को सुव्यवस्थित तरीके से बैठाया जाएगा। वही नवीन बाजार में स्थित चिकन, मटन एवं मछली बाजार को शीघ्र ही शहर से बाहर ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में व्यवस्थित किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर ठेले लगाना बंद करें। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन पर लगातार निवेदन और समझाइश की जा रही है। यदि इसके बाद भी व्यापारियों ने सड़कों पर ठेले लगाए तो जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।



# नगर में दशहरा उत्सव को लेकर दो समितियों के बीच खींचतान

■ समिति सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया**

जिले के दूसरे बड़े शहर नगर पालिका परिषद पंडरिया में दशहरा त्यौहार मनाने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अभी दशहरे के त्यौहार को एक सप्ताह से भी कम का समय शेष है, लेकिन इससे पहले ही नगर की दो समितियां एक ही स्थान पर दशहरा त्यौहार मनाने व रावण दहन को लेकर अड़ गए है, जिसका समय रहते समाधान ना निकलने पर स्थिति विपरित हो सकती है। नगर विकास समिति की ओर से आनंद सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते 7 वर्षों से उनकी टीम यहां पर रावण दहन का कार्यक्रम करते आ रहे हैं। उन्हें ही यहां पर रावण दहन करने की अनुमति मिलनी चाहिए। दूसरी समिति अगर आयोजन करना चाहती है तो अच्छी बात है लेकिन वह दूसरे नई जगह का चयन कर आयोजन कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें अनावश्यक ही राजनीतिक रंग-रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। उत्साह व उमंग का त्यौहार है। आपसी भाईचारा बना रहे। इसका ध्यान शासन-प्रशासन को रखना होगा। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समिति के सदस्यों ने हस्ताक्षेप करने की मांग की है।

# नगर के व्यापारी संघ, वरिष्ठ नागरिकों व युवा साथियों ने आयोजन की रूपरेखा पर परिचर्चा की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया**

नगर पंडरिया में इस वर्ष दशहरा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसमें मां महामाया दुर्गाउत्सव समिति एवं नगरवासियों के संयुक्त तत्वाधान में रावण दहन एवं भव्य जगराता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय पंडरिया परिषर में किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका सीमा कौशिक द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में देवी भक्ति, लोकसंगीत और नृत्य प्रस्तुतियों का संगम दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इससे पूर्व प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी। वहीं अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक स्वरूप 61 फीट ऊंचे रावण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में विधानसभा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। मां महामाया दुर्गाउत्सव समिति द्वारा बैठक आयोजित कर नगर के व्यापारी संघ, वरिष्ठ नागरिकों और युवा साथियों ने आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। सभी ने एक स्वर में इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समिति सदस्यों ने बताया कि दशहरे के अवसर पर पिछले कई वर्षो से मां महामाया दुर्गाउत्सव समिति द्वारा धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप जगराता और रावण दहन का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी यह आयोजन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म, संस्कृति और आस्था के इस महापर्व का आनंद लें तथा आयोजन को सफल बनाए।



### प्राथमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को कराया गया न्योता भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छात्राओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में न्योता भोजन की परंपरा की शुरूआत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व ताल-मेल स्थापित करना है, न्योता भोजन में शाला परिवार व सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को पोषण आधार आहार प्रदान किया जाना है, जिसे विद्यार्थियों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषण आहार प्राप्त हो। इस न्यौता भोज के तहत अपने जन्मदिन के अवसर पर एसएमसी सदस्य रोहित साहू ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी साथ ही साथ केक काटकर जन्मदिन पर सभी ने रोहित साहू को शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, अयोध्या साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, उपसरपंच नन्दराम साहू, भोलाराम साहू, प्रमेश साहू, रूपेश यादव तथा शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य रसोईया राजवंती, रजन, मोहित और सभी विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

# जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष बने रवि चंद्रवंशी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। कड़ी को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा 20 जिलाध्यक्षो की नियुक्ति की गई है, जिसमे कवर्धा जिला किसान कांग्रेस की जवाबदारी युवा किसान नेता रवि चंद्रवंशी को जिला अध्यक्ष के रूप में सौपी गई है। कवर्धा जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद रवि चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे जिले के किसानों के अधिकारों के लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा, किसान हित मे एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। वर्तमान समय में गन्ना उत्पादक किसानों को सबसे ज्यादा समस्या है जिनके लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। श्री चंद्रवंशी ने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जवाबदारी मिलने कांग्रेस के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, डीसी अध्यक्ष होरी साहू, पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी, कवर्धा शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर व पंडरिया ब्लाक अध्यक्ष नवीन जायसवाल सहित जिले के समस्त कांग्रेसी गणों का आभार व्यक्त किया।

### पैरालिसिस के चलते चंद्राकर 70 प्रतिशत दिव्यांग, दैनिक कार्य करने में असमर्थ

# दोहरी मार का दंश झेल रहा है निशक्त शिक्षक अंतराम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा**



दिव्यांग शिक्षक अंतराम चंद्राकर का कुदरत की मार के साथ-साथ शासन प्रशासन की उदासीन रवैया के चलते भूखे मरने की नौबत आन पड़ा है। अंतराम चंद्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तखतपुर के आदेश क्रमांक 1187/ शि.क. 23 जून 2010 को नियवित शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के पद पर कार्यभार ग्रहण विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी बाजार में हुआ किया था, शिक्षक श्री चंद्राकर सिंघनपुरी बाजार में 02 वर्ष शासकीय सेवा देने के बाद 2012 में उनका तबादला विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल ग्राम करपी हो गया। वही ड्यूटी के दौरान माह नवंबर 2024 में स्वास्थ्य अत्यंत खराब (पैरालिसिस) हो गया। पैरालिसिस के चलते श्री चंद्राकर 70 प्रतिशत दिव्यांग हो गए एवं उनका चलना, बोलना एवं किसी भी प्रकार से दैनिक कार्य करने में असमर्थ हो गए है। जिसके चलते विभाग ने उन्हें गृह ग्राम तोरला विकासखण्ड पंडरिया के शासकीय प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक एलबी के रूप में अटैच किया गया है। वर्तमान में गृह ग्राम तोरला के शासकीय प्राथमिक शाला में अटैच है। वही स्वास्थ्यगत कारणों के चलते माह नवंबर 2024 से आज पर्यंत तक भैषजिक अवकाश पर है। उक्त अवधि से दिव्यांग शिक्षक अंतराम चंद्राकर को आज पर्यंत तक 10 माह का वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है वहीं आर्थिक तंगी के चलते पारिवारिक स्थिति दयनीय हो गया। 70 प्रतिशत शारीरिक दिव्यांगता पर बिना कार्य वेतन का आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम के द्वारा माह जून 2025 को प्रस्ताव डीपीआई रायपुर भेजा जा चुका है। वही शिक्षक अंतराम चंद्राकर तीन बार लोक शिक्षण संचनालय रायपुर भी जा चुका पर आज पर्यंत तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है।

### वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो इच्छा मृत्यु की मांग करूंगा

निशक्त शिक्षक अंतराम चंद्राकर ने कहा कि मेरा परिवार मध्यवर्ग से तालुक रखते है मेरा परिवार का गुजर बसर वेतन के भरोसे निर्भर था, शासकीय सेवा के दौरान मै पैरालिसिस से ग्रसित हो गया मेरा इलाज में बहुत खर्च हो चुका। उन्होने बताया कि अपना इलाज कर्ज लेकर करा रहा हूँ, मैं अपने वेतन के लिए विकासखण्ड शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी एवं लोक शिक्षण संचनालय रायपुर से लिखित में आवेदन कर गुहार लगा चुका पर आज पर्यंत तक वेतन अप्राप्त है। मेरा और परिवार का स्थिति बत से बत्तर होते जा रहा है, अगर वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो मैं शासन प्रशासन से इच्छा मृत्यु की मांग करूंगा।

### शहर व क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा**

शहर व क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से किसान में खुशी व उत्साह का माहौल है। वहीं कई किसानों की फसल पर विपरित प्रभाव पड़ रही है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश किए गए सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया है। महाराष्ट्र के नासिक स्थित ग्लोबल आइकॉन्स ऑफ इंडिया ई-मैगजीन ने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों, समर्पण और प्रेरणादायक योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया है। डॉ. चन्द्रवंशी का यह सम्मान उनकी वर्षों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि उन्हें हाल ही में राज्यपाल के हाथों प्रदेश के दो सर्वोच्च शिक्षक सम्मान भी एक साथ मिल चुके हैं, जो उनकी विशिष्ट शैक्षिक सेवाओं को प्रमाणित करता है। डॉ. चन्द्रवंशी को इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए शिक्षकों ने बधाई दिया है।

### विकसित भारत पर क्विज प्रतियोगिता

**कुण्डा।** माय भारत पोर्टल पर आयोजित 'विकसित भारत क्विज भारत के भविष्य को आकार देने वाले युवाओं को शामिल करने के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) 2026 के तहत एक राष्ट्रव्यापी पहल है। 12 भाषाओं में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी देश के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान और विकसित भारत के प्रति दृष्टिकोण का परीक्षण करती है। इसका उद्देश्य विचारों को साझा करने, नेतृत्व का प्रदर्शन करने और विकसित भारत के दृष्टिकोण में सार्थक योगदान करने के अवसर प्राप्त करना हैं। विजेता निबंध, प्रस्तुति आदि दौर में आगे बढ़ते हैं। प्रथम चरण में युवाओं को माय भारत पोर्टल पर विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग प्रश्नोत्तरी में भाग लेना होगा, उसके बाद युवाओं को निबंध प्रतियोगिता एवं अगले चरणों में भाग लेना होगा। विजेता युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी कवर्धा ने बताया कि 15 से 29 वर्ष के युवा इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त युवाओं को माय भारत पोर्टल द्वारा प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

### किसानो को दिया गया मधु मक्खी पालन प्रशिक्षण

**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में 23 से 29 अगस्त 2025 तक 7 दिवसीय मधु मक्खी पालन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कबीरधाम जिले के विभिन्न गांवो से 25 कृषकों का चयन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम नाउडीह, पड़कीकला, महली, खरहट्टा, जमुनिया एवं सिल्हाटी के कृषकों को प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को रायपुर का भ्रमण कराया गया। जिसमें मधु मक्खी पालन विषय पर प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक जानकारी जैसे मधुमक्खी के प्रकार, फुल प्रबंधन एवं रख-रखाव, विभिन्न उपकरण, स्थान का चयन, शहद निष्काशन विधि, बाजार विक्रय मांग एवं पैकेजिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। भ्रमण के दौरान संचालक अनुसंधान सेवाए, इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर डॉ.विवेक कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

**आक्रोश:** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों का शहर में निकाली गया जूलूस

# बलात्कारियों को देख लोगों का भड़का आक्रोश, फांसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आदिवासी युवतीके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले तीनो आरोपियों की गिरफ्तार के बाद पुलिस ने इन सभी आरोपियों को जेल दाखिल करने से पूर्व कवर्धा शहर में इनका जुलूस निकाला।

शहर में इन दिनो नवरात्र पर्व की भारी गहमा गहमी और भीड़भाड़ के बीच निकाले गए बलात्कारियों के इस जुलूस के दौरान उन्हें तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बेड़ियों में जकड़कर शहर के मुख्य मार्गो में घुमाया गया। बताया जाता है कि इस दौरान इन बलात्कारियों को नगरवासियों के साथ युवतियों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। लोगों ने इन सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के सामने जमकर नारेबाजी करते हुए उन्हें फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। वहीं लोगों की भीड़ तथा कुछ युवतियों ने इन तक पहुंचने और इन पर हमला करने का भी प्रयास किया। लेकिन तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते लोग इन तक नहीं पहुंच पाए। लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस उन्हें बाद में पुलिस वाहन में बैठाकर सीधे जिला जेल ले गई।





### विभिन्न समाजों ने की घटना की निंदा

जिला मुख्यालय कवर्धा में एक आदिवासी युवती के साथ सामने आई सामुहिक दुष्कर्म की घटना की चौतरफा कड़े और तीखे शब्दों में निंदा की जा रही है। कई समाज के लोगों ने इस घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कठोर कानून कार्यवाही करते हुए उन्हें फांसी की सजा दिए जाने की मांग न्यायालय से की है।

### पुलिस टीम का केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया सम्मान

हाल ही में जिले में घटित सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना के आरोपी को पुलिस टीम द्वारा मात्र 36 घंटे में गिरफ्तार किए जाने पर कवर्धा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई की सराहना करते हुए सम्मानित किया। एसोसिएशन के पदाधिकारी शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी आशीष शुक्ला, थाना प्रभारी लालजी सिन्हा, योगेश कश्यप एवं भुनेश्वरी साहू को भी सम्मान अर्पित किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जनता का विश्वास और भी मजबूत हुआ है। लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और समाज में कानून के प्रति भरोसा और गहराया है। इस सम्मान ने यह संदेश दिया कि समाज और प्रशासन यदि साथ मिलकर काम करें तो किसी भी अपराधी को कानून से बच निकलने का अवसर नहीं मिलेगा।

# बड़ौदा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय का हालबेहाल गिर और टपक रही छत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत बड़ौदा खुर्द में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला रख रखाव एवं मरम्मत के आभाव में जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। स्थिति ये है कि स्कूल भवन का प्लास्टर पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और प्लास्टर का हिस्सा कभी भी भरभराकर जमीदोज हो रहा है जो स्कूल की कक्षाओं में बैठे बच्चों के लिए न सिर्फ असुरक्षित है बल्कि बेहद खतरनाक भी है। ऐसी स्थिति में ये कहा जाए कि स्कूल के बच्चे अपनी जान हंथेली में रखकर पढ़ाई लिखाई कर रहे हैं तो गलत नहीं होगा। वहीं स्कूल भवन की छत कमजोर होने के कारण बारिश के इन दिनो में छत से बारिश के पानी का भी रिसाव हो रहा है जिससे स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर ने नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्ण ही जिले में संचालित स्कूलों की व्यवस्थाएं दुरूस्थ कराए जाने, जर्जर स्कूल भवनो की मरम्मत किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए थे। लेकिन ग्राम बड़ौदा खुर्द में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला की स्थिति को देखने से ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने कलेक्टर के इन निर्देशों में कोई अमल नहीं किया है। जिसका खामियाजा आज स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने और स्कूली बच्चों ने शासन प्रशासन से स्कूली बच्चो और शिक्षकों की समस्या तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल भवन मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# स्वच्छता जीवन का आधार, सामूहिक प्रयास से ही बनेगा स्वच्छ भारत : जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है और यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि सामूहिक प्रयास से अपने आस-पास के वातावरण और देश को स्वच्छ बनाएं। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल पखवाड़े तक सीमित न रहे, बल्कि प्रतिदिन छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए हम सभी इसमें भागीदारी दें और समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। अध्यक्ष श्री साहू ने आगे कहा कि जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वच्छता गतिविधियों से लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। यह प्रेरणा देती है कि संयुक्त प्रयासों से हम सही दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी तथा जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू भी उपस्थित थे। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत सोनपुरी रानी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर साफ-सफाई की तथा सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया था। स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है और यह तभी संभव होगी जब सभी लोग मिलकर इसमें भागीदारी देंगे। उन्होंने अपील की कि हम केवल स्वयं ही नहीं बल्कि अपने परिचितों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। स्वच्छता कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कवर्धा, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच नर्मदा योगी, घनश्याम साहू, सोनपुरी रानी हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी दी। ज्ञात हो कि 25 सितम्बर को जिले में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया था, जिसके अंतर्गत शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों और विद्यालयों में विशेष स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



# खपरी में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 खपरी में पोषण सप्ताह का आयोजन गत दिनो किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों को पोषण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चंद्रवंशी ने कहा कि सही पोषण से भोजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, मिनरल और फाइबर जरूरी है। उन्होने कहा कि यदि हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तभी हमारा मस्तिष्क उचित तरीके से काम करेगा। स्तनपान करने वाली महिलाओं को बताया गया कि शिशुओं को 6 माह तक केवल स्तनपान करवाए बाहरी कोई भी खाद्य पदार्थ नहीं खिलाए। उन्होंने आगे बताया कि मुनगा की पतियों में दूध से अधिक कैल्सियम और प्रोटीन गाजर से चार गुण ज्यादा विटामिन ए होता है सभी गर्भवती महिलाओं, बच्चों, धात्री और किशोरी बालिकाओं को मुनंगा की सब्जी और पत्तियों का उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर सुरेखा साहू, सरिता चंद्रवंशी, सुशीला चंद्रवंशी, कुमत, गीता सिन्हा सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।



# पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ आज देंगे कवर्धा में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और सुप्रसिद्ध वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का एक दिवसीय विशेष व्याख्यान रविवार, 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम सनातन संस्कार संस्कृति संस्था के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ देश-विदेश में अपने तेजस्वी वक्तत्व और राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। वह अपने व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम की थीम सनातन संस्कृति व राष्ट्र चेतना रखी गई है, और इसे लेकर शहर में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि यह व्याख्यान न सिर्फ युवाओं बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। आयोजन समिति ने आम जनता से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र चेतना के इस अभियान में सहभागी बनें।

# दिवंगत बिहान दीदी के परिवार को 2 लाख की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कठिन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ने एक शोकाकुल परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा की ग्राम पंचायत गंगापुर स्थित मुस्कान स्व सहायता समूह से जुड़ी सदस्य श्रीमती इंद्र कुवर दीदी के कैंसर से निधन उपरांत, उनके परिवार को इस योजना से 2 लाख रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा उड़ियाकला द्वारा चेक का वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी–कर्मचारी तथा समूह की अन्य दीदियां उपस्थित थीं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 18 से 50 वर्ष तक की आयु वर्ग के लोगों के लिए 2 लाख रुपए का टर्म लाइफ इंश्योरेंस कवर प्रदान करती है। इसमें बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में राशि मिलती है। योजना का वार्षिक प्रीमियम केवल 436 रुपए है, जिसे बैंक खाते से ऑटो-डेबिट किया जाता है और इसमें किसी प्रकार की चिकित्सीय जांच की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने बताया कि बिहान अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूह की दीदियां ग्रामीणों को इस योजना से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ...




**कवर्धा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से दिवंगत बिहान दीदी के परिवार को 2 लाख की सहायता राशि, कठिन समय में मिला आर्थिक सहारा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बनी संबल, स्व सहायता समूह की सदस्य को बीमा लाभ, परिवार को मिला 2 लाख रूपए का चेक

**जसगीतों में झूमते युवाओं की टोली करेगी मातारानी का चुनरी श्रृंगार एवं सिंदूरार्चन**

# महाष्टमी पर धर्मनगरी में निकलेगी 108 मीटर चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में इस वर्ष भी नवरात्र महोत्सव के पावन अवसर पर मां दुर्गा के चरणों में आस्था और भक्ति का अद्वितीय समर्पण देखने को मिलेगा। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा विगत चार वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही मां की चुनरी यात्रा इस बार भी भव्य रूप से संपन्न होगी। विशेष बात यह है कि गतवर्ष की भांति इस बार भी किसी प्रकार के डीजे या धुमाल का प्रयोग आयोजन में नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर धार्मिक वातावरण में, जसगीतों की मधुर धुनों पर झूमते युवाओं की टोली मातारानी का 108 मीटर लंबी चुनरी से श्रृंगार और सिंदूरार्चन करेगी। इस अनूठी परंपरा का उद्देश्य भक्ति, शांति और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। आयोजन समिति के सदस्य विकास केशरी ने बताया कि इस वर्ष की चुनरी यात्रा मां महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर माँ विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर मां विंध्यवासिनी को 108 मीटर चुनरी अर्पित कर सिंदूर श्रृंगार किया जाएगा। हिन्दू धर्म में 108 अंक को पूर्णता और पवित्रता का प्रतीक माना गया है, 108 उपनिषद, 108 मणियों की माला और 108 नामों से देवी का आह्वान होता है, इसी धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यह चुनरी अर्पण किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारी में सुधीर केशरवानी, आकाश यदु, नीरज चन्द्रवंशी, अभिषेक आमदे, निक्कू आमदे, केतुल नाग, रुपेश चन्द्रवंशी, निमेश चन्द्रवंशी, चिराग यादव, युवराज चंदेल, प्रशांत मिश्रा, निखिल यदु जुगनू, अविनाश गुप्ता, करन सिंह धर्मी, शुभम शर्मा, विवेक जायसवाल, अंकित देवांगन, अंकित चौबे, यकीन ठाकुर, अमित धुर्वे, रितेश यदु, अनुराग साहू, अक्षय केशरी, गौरांश पाल, राजा झरिया,लोकेश जायसवाल सहित अनेक सदस्य जुटे हुए हैं।



फाईल फोटो

# नवरात्रि पर प्राथमिक शाला मैनपुरी में कन्या व न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्रि के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मैनपुरी एवं शासकीय हाई स्कूल मैनपुरी द्वारा कन्या भोज एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या रीना सोनवानी, समस्त व्याख्याताओं एवं शिक्षकों हाईस्कूल एवं प्राथमिक शाला ने सहयोग दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, केला एवं जलेबी वितरित की गई। वहीं कन्याओं को भोजन के साथ श्रृंगार सामग्री और कॉपी-पेन का भी वितरण किया गया। नवरात्रि के इस विशेष आयोजन में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

